


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 14 जुलाई 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 168 | मूल्य - 5 रुपये






## एथनॉल मुनाफाखोरी का नया नाम, इससे वाहनों का माइलेज घट रहा है : अखिलेश यादव

लखनऊ, (भाषा)।



*समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एथनॉल मिश्रित ईंधन की नीति पर सवाल उठाते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि एथनॉल मुनाफाखोरी का नया नाम है और*

यह सरकार, एथनॉल उत्पादकों तथा तेल कंपनियों की साझेदारी से किया जा रहा ''सरकारी मिलावट'' का मॉडल है। सपा मुख्यालय की ओर से जारी बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि एथनॉल के समर्थन में यह तर्क दिया जाता है कि इससे प्रदूषण कम होगा और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटने से आयात बिल कम होगा, लेकिन सरकार यह नहीं बता रही कि इससे वाहनों का माइलेज घट रहा है, वाहन जल्दी खराब हो रहे हैं और उन्हें चालू करने में भी दिक्कतें आ रही हैं।

उन्होंने दावा किया कि कम माइलेज के कारण लोगों को अधिक ईंधन भरवाना पड़ रहा है। साथ ही, वाहन बीच रास्ते में खराब हो रहे हैं, जिससे उनके रखरखाव का खर्च बढ़ गया है। यादव ने कहा कि इससे वाहनों का पुनर्विक्रय मूल्य भी घट रहा है और उनकी कुल उपयोग अवधि भी कम हो रही है। उन्होंने कहा कि एथनॉल के कारण वाहनों में जंग लगने और तकनीकी खराबियां बढ़ रही हैं। सपा अध्यक्ष ने दावा किया कि पुरानी गाड़ियां एथनॉल मिश्रित ईंधन के अनुरूप नहीं बनी हैं और आरोप लगाया कि बीमा कंपनियां इसे आधार बनाकर वाहन खराब होने पर दावा (क्लेम) अस्वीकार करने का बहाना तलाश लेती हैं। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि वह ''चंद मुनाफाखोरों'' के हित में आम जनता का शोषण क्यों कर रही है।

## हिमाचल में भारी बारिश का अलर्ट.. 69 सड़कें बंद, जलापूर्ति ठप

**शिमला, (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में सोमवार को हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आगामी सप्ताहांत पर राज्य के कुछ इलाकों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के मुताबिक, लगातार हो रही भारी बारिश के कारण राज्य की 69 सड़कें बंद हो गई हैं। इनमें सबसे ज्यादा कुल्लू में 38, मंडी में 13, सिरमौर में 6, शिमला में 5, कांगड़ा में 4, ऊना में 2 और लाहौल-स्पीति में 1 सड़क शामिल है। इसके अलावा 80 पेयजल परियोजनाएं भी प्रभावित हुई हैं, जिससे जलापूर्ति ठप है। इस साल जुलाई में अब तक सामान्य (94.5 मिमी) के मुकाबले 125 मिमी बारिश हो चुकी है, जो औसत से 32 प्रतिशत अधिक है। मानसून के इस मौसम में अब तक भूस्खलन की 25 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सोलन जिले के कसौली में सबसे अधिक 62 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद ओलिंडा में 60 मिमी, धरमपुर में 54.6 मिमी, घमरूर में 51.6 मिमी, नांगल बांध में 48.2 मिमी, ब्राह्मणी में 42.4 मिमी और ऊना में 35.4 मिमी बारिश हुई। इस दौरान शिमला, सुंदरनगर, भुंतर, कांगड़ा, जोत और मुरारी देवी में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ीं। वहीं बिलासपुर, नेरी, शिमला, कुफरी, हमीरपुर और ताबो में 37 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। लाहौल-स्पीति का कीलोंग न्यूनतम 8.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य में सबसे ठंडा रहा, जबकि नेरी में सबसे अधिक 35 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## लेह में इंडिगो एयरलाइन के कर्मचारी के पास से हेरोइन बरामद, गिरफ्तार

**लेह, (भाषा)।** मादक पदार्थ निरोधक कार्य बल (एएनटीएफ) ने सोमवार को लेह में इंडिगो एयरलाइन के एक विमान रखरखाव इंजीनियर के पास से हेरोइन बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, इंडिगो एयरलाइन ने अपने कर्मचारी की गिरफ्तारी और आरोपों पर कुछ भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला निवासी 22 साल के अजय ठाकुर की गिरफ्तारी के बाद हवाई अड्डा कर्मचारियों और इलाके में काम करने वाले मादक पदार्थ गिरोह के बीच संदिग्ध मिलीभगत की व्यापक जांच शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि ठाकुर एक निजी कार में यात्रा कर रहा था कि तभी नियमित गश्त पर निकले मादक पदार्थ निरोधक कार्यबल की टीम ने उसे रोका और उसके पास से 2.27 ग्राम हेरोइन जब्त की।

## जब मंच पर निकले नरोत्तम मिश्रा के आंसू, कहा- 'गांव-गांव जाऊंगा आशुतोष भैया को जिताऊंगा'

दतिया।

*मध्य प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री और बीजेपी के कद्दावर नेता नरोत्तम मिश्रा मंच से अपने संबोधन के दौरान रो पड़े। दतिया से बीजेपी उम्मीदवार आशुतोष तिवारी के नामांकन दाखिल करने के मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए नरोत्तम मिश्रा ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रचार में जी जान से जुट*



जाने की अपील की। इसी दौरान वे भावुक हो गए और उनका गला भर आया। नरोत्तम मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि दतिया के मालिकों एक-एक दरवाजे पर जाऊंगा शीश नवाऊंगा। उन्होंने कहा कि आशुतोष भैया को जिताने के लिए पार्टी का कार्यकर्ता प्राण झोंक देगा। इस भ्रम और मुगालते में कोई नहीं रहे कि कार्यकर्ता घर बैठेगा। उन्होंने आगे कहा कि 16 तारीख से सारे कार्यकर्ताओं के साथ में यहीं पर डेरा जमाएंगे। मैं दतिया के मालिकों के एक-एक दरवाजे पर जाऊंगा अपना शीश नवाऊंगा. एक-एक गांव के अंदर जाऊंगा और आशुतोष भैया को जिताऊंगा। गौरतलब है कि दतिया के हाई वोल्टेज दंगल में बीजेपी उम्मीदवार आशुतोष तिवारी ने आज नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव, नरोत्तम मिश्रा समेत पार्टी के शीर्ष नेता मौजूद थे।

### बोले मोहन यादव..

वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि देश में कांग्रेस अब लापता होती जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दिन में सपने देख रही है, जो कभी पूरे नहीं होंगे। उन्होंने दावा किया कि दतिया विधानसभा उपचुनाव में जीत बीजेपी की होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रम फैलाने का काम कर रही है लेकिन आशुतोष और नरोत्तम जी साथ मिलकर कांग्रेस को करारी शिकस्त देंगे। गौरतलब है कि नरोत्तम मिश्रा को बीजेपी की ओर से टिकट नहीं दिए जाने के बाद उनके समर्थकों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला था। दतिया में कुछ जगहों पर हिंसा भी हुई थी। पथराव में पुलिस के कुछ वरिष्ठ अधिकारी चोटिल हो गए थे। इन घटनाओं के मद्देनजर मुख्यमंत्री यादव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने मिश्रा से भोपाल में चर्चा की और कार्यकर्ताओं के आक्रोश को खत्म करने के लिए वरिष्ठ नेताओं को दतिया भेजा था। कांग्रेस ने 30 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए दतिया राजघराने से ताल्लुक रखने वाले पूर्व विधायक घनश्याम सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। बता दें कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में दतिया में कांग्रेस के राजेंद्र भारती ने तत्कालीन गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को 7,500 से अधिक मतों से हराया था। हालांकि, दिल्ली की एक अदालत ने अप्रैल में धोखाधड़ी के एक मामले में भारती को तीन साल की जेल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त हो गई और दतिया सीट पर उपचुनाव की आवश्यकता पड़ी। बाद में भारती को जमानत मिल गई।







## ना खाऊँगा ना खाने दूंगा, ये साबित नहीं कर पाए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी.. छैलबिहारी अग्रवाल

### कहा.. भ्रष्टाचार के तो मोदी सरकार में नए नए प्रयोग देखने और भ्रष्टचारियों को संरक्षण मिलते जरूर देख रहे हैं..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया के विदर्भवादी नेता छैलबिहारी अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल बेमिसाल नहीं बल्कि 12 साल और भी बदहाल करार दिया है, तथा कहा है कि मोदी ने तीसरी बार सरकार जरूर बना ली। लेकिन मोदी कथनी को करनी में नहीं बदल पाए। श्री अग्रवाल ने कहा कि 2014 के पहले जो भ्रष्टाचार देश में था, तब*



भ्रष्टाचार पर कार्यवाही भी होती थी, देश की जनता ने देखा है कि 2 जी स्पेक्ट्रम मामले में आरोप लगे तो मनमोहन सिंह सरकार में ए राजा कनिमोझी जेल गए, सुरेश कलमाडी को जेल भेजा गया, लेकिन जब मोदी सरकार में व्यापम के भ्रष्टाचार की परतें खुली, मध्यप्रदेश में डम्पर घोटाला सामने आया तो भाजपा के शीर्ष भ्रष्टाचार को बचा लिया गया।

इसी तरह देश में एथेनॉल प्लांट का भ्रष्टाचार, आयुष्मान योजना का भ्रष्टाचार, गौ मांस निर्यातकों से पार्टी फंड में चंदे का भ्रष्टाचार, विधायक निधि और सांसद निधि में भ्रष्टाचार, उज्जवला गैस योजना में भ्रष्टाचार, नगर पालिकाओं और नगर निगम में भ्रष्टाचार के साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री सड़क योजना में भ्रष्टाचार और सांसदों विधायकों को खरीद कर सरकार गिराने और सरकार बनाने का भ्रष्टाचार देश की जनता देख रही है।

जब भ्रष्टाचार भाजपा नेताओं के संरक्षण में ही फल फूल रहा है, तो फिर कैसे ये साबित किया जा सकता है कि मोदी खा नहीं रहे हैं और खाने भी नहीं दे रहे हैं।

छैलबिहारी अग्रवाल ने आगे कहा कि देश के आम नागरिकों से अनेक प्रकार से टैक्स की वसूली के बाद भी जब देश पर 72 लाख करोड़ का कर्ज हो गया, तो फिर कैसे देश संपन्न है, और भ्रष्टाचार से मुक्त है। श्री अग्रवाल ने सवाल किया और पूछा कि मोदी जी बताएं देश भ्रष्टाचार से कब मुक्त होगा, और इसके लिए उनका अब क्या योगदान होगा।

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि ईडी की जांच के दायरे में आने वाले नेताओं को भाजपा में लाना ईमानदारी या भ्रष्टाचार किस श्रेणी में रखा जाएगा ये कौन बताएगा, क्या इसका कोई जवाब मोदी और उनके भाजपा नेताओं के पास है।






कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# एथेनॉल चांवल घोटाला मामले में असली गुनहगारों को बचाकर मैनेजर और छोटे व्यापारीयों पर कार्रवाई..

**करोड़ों के फोर्टिफाईड चांवल घोटाले में बालाघाट पुलिस अधीक्षक की भूमिका पर उठ रहे सवाल..**

## जब 13 लोगों पर दर्ज किया गया मामला तो क्यों नहीं कर रहे पुलिस अधीक्षक नामों का खुलासा..

## जनवरी में गोंदिया की ओर जाते 03 ट्रकों को क्यों छोड़ दिया था पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने..

## जगप्रेरणा की विशेष रिपोर्ट..

जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट जिले के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा जब बालाघाट में एसडीओपी के रुप में कार्यरत थे, तब लांजी के डबल मनी मामले को उजागर करते हुए उन्होंने कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई थी, इसके बाद आदित्य मिश्रा फिर लौटकर बालाघाट आए, और बालाघाट आकर पुलिस अधीक्षक के रुप में पदभार संभाला। बालाघाट के पुलिस कप्तान के रुप में आदित्य मिश्रा ने हेलमेट अभियान चलाया, तो वहीं अनेक मामलों में दबंग पुलिसिया कार्यवाही की। सामान्य नागरिकों से उनके व्यवहार के साथ ही नक्सली क्षेत्र में नक्सली उन्मूलन तथा नक्सली*

क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार एवं संसाधन उपलब्ध कराने में भी उनकी भूमिकाएं नजर आई, तो ऐसा लगा कि पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा नौजवान एवं ऊर्जावान पुलिस अधीक्षक के रुप में बालाघाट जिले में पुलिसिंग का एक बेहतर रिकार्ड कायम करेंगे, लेकिन देखते ही देखते पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा की भूमिकाओं पर अब जनचर्चाओं में तो वहीं अनेक मामलों में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष आरोपों के साथ सवाल खड़े किये जाने लगे हैं, तो वहीं पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाहीयों में भी पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

## पवार समाज के लोगों की संदिग्ध मौतें, पुलिस अधीक्षक की लचर कार्यवाही और जनप्रतिनिधियों का मौन भी..

गौरतलब है कि बालाघाट जिले में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के संरक्षण में अपराधों को संरक्षण का मानो एक रिकार्ड सा बन गया है। विशेष रुप से जिले में विगत दो वर्षों में सबसे ज्यादा पिड़ित और उपेक्षित पवार समाज के लोग हुए हैं, जबकि जिले में राजनीतिक वर्चस्व पवार समाज के नेताओं का है। जिले में पवार समाज के पास सांसद और विधायकों के साथ ही अन्य अनेक पदों पर प्रतिनिधित्व है, लेकिन जहां सभी जनप्रतिनिधि मौन हैं, और इससे पवार समाज के इन जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, वहीं आश्चर्यजनक यह है कि पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा जिले में घटित अनेक सनसनीखेज हत्याओं और आत्महत्याओं के पीछे असली गुनाहगारों का पर्दाफाश नहीं कर पाए हैं। बालाघाट जिले के कटंगी थाना अंतर्गत नांदी में घर के अंदर ही दंपत्ति हेमेन्द्र बिसेन और योगिता बिसेन की रक्तरंजित लाश बरामद हुई, हत्या स्पष्ट थी, लेकिन हत्यारों को आज तक पुलिस नहीं पकड़ पाई। इसके अलावा मलाजखंड के शुभम पटले की संदिग्ध मौत मामले में भी आज तक खुलासा नहीं किया जा सका। बालाघाट के कोचिंग सेंटर संचालक नारायण बोपचे की आत्महत्या मामले में भी यह सामने आया था कि नारायण बोपचे ने सोसाईट नोट जारी किया था, और उनके थैले में व्हाट्सअप चैटिंग का रिकार्ड भी पुलिस को मिला था, लेकिन इस मामले पर भी कोई कार्यवही नहीं हुई। जानकारी के अनुसार नारायण बोपचे के परिवार ने तो कहा कि नारायण बोपचे को अनेक लोगों से रुपये लेने थे, और वे आत्महत्या कर ही नहीं सकते थे, लेकिन इस मामले में भी आदित्य मिश्रा कोई खुलासा नहीं कर पाए। जिले में यह सभी मामले चर्चा में रहे, और पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा की नाकामयाबी में शामिल किये जाते रहेंगे।

## जमीन घोटाले, लामटा प्लांट आगजनी मामले में भी कार्यवाही दोषपूर्ण..

गौरतलब है कि बालाघाट जिले में बड़े पैमाने पर आदिवासीयों की जमीनों की खरीद फरोख्त का मामला उजागर हुआ था, जिसमें पुलिस द्वारा क्या कार्रवाई की गई, इसका खुलासा नहीं किया गया, जबकि वहीं जानकारी के अनुसार अनेक बड़े नामों के चर्चा में आने के बाद पुलिस ने दबाव में कार्यवाही रोक दी। इसी प्रकार हाल ही में लामता में राघवटोला में लिफ्ट इरीगेशन के स्टोर में भाजपा नेता द्वारा 3 से 4 करोड के पाईप आग में स्वाहा कर दिये गए, पुलिस ने आरोपीयों को जेल की सलाखों तक पहुंचा भी दिया, लेकिन इतने बड़े अपराध में जिसमें रंगदारी नहीं देने पर करोड़ों के पाईप स्वाहा कर दिये गए, आरोपियों के घरों पर बुलडोजर की अपेक्षित कार्यवाही नहीं की गई। जबकि मामले में विभिन्न सवालों का पुलिस द्वारा जवाब भी नहीं दिया गया।

## एवीजी प्लांट के लिये निकला 03 ट्रक चावंल छोड़ दिया था पुलिस ने..

गौरतलब है कि बालाघाट जिले में इन दिनों करोड़ों के फोर्टिफाईड चांवल का घोटाला सुर्खियों में है। तथा इस मामले में छिंदवाड़ा के बोरगांव में स्थित एवीजी एथेनॉल प्लांट द्वारा सरकारी चांवल को विभिन्न राईस मिलों को बड़े पैमाने पर बेचा जा रहा था।

हाल ही में गत माह वारासिवनी के संचेती राईस मिल में चांवल का ट्रक पकड़कर कार्यवाही की गई है, लेकिन देखा जाए तो यह मामला छह महीने पुलिस की पकड़ में आया था, लेकिन पुलिस ने पकड़ने के बाद 03 ट्रकों को छोड़ दिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार वारासिवनी के सिकंदर मिश्रा की शिकायत पर गोंदिया की ओर जा रहे 03 ट्रकों को खैरलांजी पुलिस ने पकड़ा था, लेकिन यह कहकर ट्रकों को छोड़ दिया गया था कि यह चांवल एफसीआई से एवीजे प्लांट के लिये निकला था, अब एवीजे प्लांट जाने और राईस मिल जाने। जबकि यदि छह महीने पहले ट्रकों को छोड़ा नहीं जाता, तो छह महीने में हुई सरकारी चांवल की खरीदी बिक्री पर अंकुश लग चुका होता, लेकिन अनेक जवाबदारों की बंदरबाट में खेल चलता रहा।

## 13 लोगों पर अपराध दर्ज करने की बात लेकिन नामों का खुलासा क्यों नही कर रहे पुलिस अधीक्षक..

गौरतलब है कि एथेनॉल प्लांट से सरकारी दरों पर खरीदा गया चांवल जब राईस मिलों को बेचा जा रहा था, तो इसकी पड़ताल में पुलिस ने 13 लोगों को आरोपी बनाया है, ऐसी जानकारी सामने आ रही है, लेकिन पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा की ओर से कोई जानकारी और खुलासा 13 आरोपियों के संदर्भ में नहीं किया जा रहा है, जिससे सवाल यह उठता है कि पुलिस अधीक्षक नामों का खुलासा क्यों नहीं कर रहे, और किस बात को छुपाने का प्रयास कर रहे हैं।

## मुख्य सरगना एवीजी प्लांट मालिकों को क्यों नही निशाने पर ले रहे पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा..

गौरतलब है कि जानकारी के अनुसार जनवरी में पकड़े गए गोंदिया की ओर जाते 03 ट्रकों का मामला हो या फिर वर्तमान में पुलिस की जांच में विभिन्न राईस मिलों को चांवल बेचे जाने का मामला। जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा के बोरगांव में स्थित एवीजी प्लांट के मालिकों द्वारा ही करोड़ों रुपये का चांवल राईस मिलों को सप्लाई किया जा रहा था, तो फिर पुलिस की ओर से सरकार से अमानत में खयानत करने वाले प्लांट मालिकों पर कोई कार्रवाही क्यों नहीं की जा रही, जबकि देखा जाए तो असली गुनाहगार तो एवीजी प्लांट के मालिक ही बताए जा रहे हैं।

## पत्रकारों का फोन हीं उठाते पुलिस अधीक्षक..

गौरतलब है कि सोशल मीडिया के जमाने में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा का काम करने का अंदाज भी बिल्कुल अलग है। श्री मिश्रा ने अनेक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को अपना चहेता बना रखा है, तथा उनके माध्यम से रील्स बनवाकर वे सोशल मीडिया पर जारी करवाते हैं, लेकिन अधिकृत प्रिंट मीडिया से उन्होंने विशेष दूरी बनाकर रखी हुई है। अनेक मर्तबा फोन करने और मैसेज करने पर भी पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा पत्रकारों से चर्चा नहीं करते, और उनके फोन पर उन्हें जानकारी नहीं देते। हद तो इस बात की भी हो गई है कि जबसे पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बालाघाट पुलिस अधीक्षक का पदभार संभाला है, उन्होंने पूर्व में पत्रकारों को सभी पुलिस थानों में दर्ज प्राथमिकी की जानकारी भी उपलब्ध करवाने की परिपाटी पर रोक लगवा दी। अब पुलिस अपनी मर्जी से प्रेस नोट जारी करती है और प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामलों का खुलासा करती है, लेकिन प्रत्येक मामले की जानकारी पत्रकारों को उपलब्ध नहीं करवाई जाती।




## 1 महीने से 17 ट्रक पुलिस के कब्जे में, सुपुर्दनामे पर छोड़े जाने की नही की जा रही कार्रवाई..

गौरतलब है कि एथेनॉल प्लांट के लिये निकले 17 ट्रक चांवल को पुलिस ने पकड़ा, इसके बाद जांच कार्यवाही कर ट्रक मालिकों और ट्रांसपोर्टरों को ट्रकों को सुपुर्द करने की कार्यवाही की जानकारी चाहिये, लेकिन जानकारी के अनुसार एक महीने से पुलिस अभिरक्षा में ट्रकों को रखा गया है, और ट्रकों को छोड़ा नहीं जा रहा, जिसके कारण ट्रांसपोर्टर्स को हजारों लाखों का नुकसान हो रहा है, लेकिन पुलिस अधीक्षक महोदय को इस बात की भी कोई परवाह नहीं है, तथा उनकी कार्यवाही में यह नजर आता है कि कार्यवाही की दिशा में कदम बढ़ाने के बाद वे बड़े नेताओं के ईशारे पर कार्यवाही की इतिश्री करने में लगे हुए हैं, तथा एथेनॉल प्लांट के लिये निकले करोड़ों के चांवल को बेचे जाने के असली गुनाहगार एवीजी एथेनॉल प्लांट के संचालकों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## क्या पुलिस अधीक्षक करेंगे अपनी कार्यप्रणाली पर मंथन..

**गौरतलब है कि बालाघाट के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा युवा और जोशीले नौजवान दिखाई देते हैं, जिनमें सोशल मीडिया पर छाए रहने का जुनुन तो दिखाई देता है, लेकिन प्रिंट मीडिया से दूरी और अनुभवी व सुलझे हुए पत्रकारों से उनकी निकटता दिखाई नहीं देना भी उनकी असफलताओं का कारण दिखाई दे रही है, जबकि वहीं वर्तमान में उनकी कार्यप्रणाली में कर्त्तव्यपरायणता चौकीदारी की भूमिका में दिखाई दे रही है। देखा जाए तो पुलिस प्रशासन में उन्हें आगे भी बड़ी जवाबदारीयां निभाना है, तो वहीं देश की जनता के समक्ष पुलिस की कर्त्तव्यपरायणता को भी साबित करना है, जबकि वर्तमान परिस्थितियों में यह दिखाई देता है कि इस बात की आवश्यकता है कि पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा अपनी कार्यप्रणाली, अपने कर्त्तव्य को लेकर चिंतन करें, तथा पारदर्शिता के साथ उनके नेतृत्व में अपराध को कटघरे में खड़े होने के लिये मजबूर करने वाली पुलिस की कार्यवाही खुद कटघरे में ना खड़ी दिखाई दे। देखना होगा कि बालाघाट पुलिस अधीक्षक के रुप में अपने शेष दिनों में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा क्या साबित कर पाते हैं, देखने वाली बात होगी।**

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

## आधी रात घर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख; पड़ोसी पर आगजनी का आरोप

जगप्रेरणा बालाघाट।

नगर मुख्यालय से लगे ग्राम कोसमी के वार्ड क्रमांक 13 में सोमवार तड़के एक मकान में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना में घर में रखा पैरा, अनाज और अन्य घरेलू सामग्री पूरी तरह नष्ट हो गई। पीड़ित तेजलाल नगपुरे ने आरोप लगाया है कि आग दुर्घटनावश नहीं, बल्कि जानबूझकर लगाई गई। उनका दावा है कि उन्होंने और उनकी बेटी ने मोहल्ले के एक व्यक्ति को आग लगाते हुए देखा था। घटना में करीब एक लाख रुपये का नुकसान होने की बात कही गई है। सूचना मिलते ही डायल-112, पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तथा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी शिकायत तत्काल दर्ज नहीं की गई और पहले दूसरे पक्ष की शिकायत दर्ज की गई। पीड़ित परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तथा नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

# जर्जर भवनों की पहचान कर उन्हें डिस्मेंटल करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें..

## टीएल बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा कर दिये अधिकारियों को अनेक दिशा निर्देश..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*13 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा (टीएल) बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने समय सीमा संबंधी प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक एवं श्री मायाराम*

कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में जिले के नगरीय क्षेत्रों में स्थित जर्जर भवनों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि जिन भवनों के गिरने और जनहानि होने की संभावना हो, उन भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्यवाही की जाए। जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ऐसे शासकीय एवं अशासकीय भवनों को चिन्हित करने एवं उन्हें डिस्मेंटल करने कहा गया। इस दौरान बताया गया कि नगरीय क्षेत्र बालाघाट में 11 शासकीय एवं 20 प्राइवेट भवनों को चिन्हित किया गया है। इसी प्रकार वारासिवनी में 05 शासकीय एवं 03 प्रायवेट भवनों को चिन्हित किया गया है। नगरीय क्षेत्र मलाजखंड में 10 जर्जर भवनों को डिस्मेंटल कर दिया गया है।

## जर्जर भवनों में संचालित संस्थानों पर रोक एवं यात्री वाहनों की सघन जांच के निर्देश

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक एवं सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग कल्याण को निर्देशित किया गया कि जिले में कहीं पर भी जर्जर भवन में आंगनवाड़ी केंद्र, शालाओं की कक्षाएं एवं छात्रावास संचालित न हों। यदि कहीं ऐसी स्थिति हो तो उसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और अन्य भवनों में इनका संचालन किया जाए। कलेक्टर श्री मीना ने जिला परिवहन अधिकारी को सख्त निर्देश दिये कि जिले में संचालित यात्री वाहनों की सघन जांच करें और नियम विरुद्ध एवं बिना फिटनेस के संचालित बसों पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र के एसडीओपी के साथ बैठक कर टेम्पो, ऑटो, पिकअप एवं अन्य वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी ढोने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## बीज वितरण, सोलर योजनाओं एवं कुसुम योजना की समीक्षा

बैठक में उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि किसानों को वितरण के लिए आने वाले बीजों का शीघ्र वितरण किया जाए। यदि किसी कर्मचारी के घर पर किसानों को वितरण के लिए आया बीज पाया जाता है तो ऐसे कर्मचारी के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को जिले में संचालित नलजल योजनाओं में रेस्को मोड में सोलर कनेक्शन लगाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। अक्षय ऊर्जा अधिकारी को कुसुम-बी योजना के अंतर्गत सोलर पंप के लिए लंबित 228 प्रकरणों में बैंक से ऋण स्वीकृत कराने तथा अग्रणी बैंक प्रबंधक को इसमें सहयोग करने के निर्देश दिए गए।

## श्रमिक पंजीयन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में प्रगति के निर्देश

बैठक में श्रम अधिकारी को प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन करने के निर्देश दिए गए। सभी अधिकारियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में अधिक से अधिक लोगों को जोडने के निर्देश दिए गए। जनपद पंचायत परसवाड़ा के सीईओ को संबल योजना में पंजीयन के लिए लंबित 06 प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

## आंगनवाड़ी, पेयजल एवं मत्स्य पालन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों का शाला पूर्व शिक्षा के लिए लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन कराने तथा सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों के भवन एवं उनमें शौचालय निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को भण्डेरी में जर्जर हो चुकी पानी की टंकी को शीघ्र डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका बालाघाट के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को वाटर फिल्टर प्लांट एवं जल प्रदाय करने वाली टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए। सहायक संचालक मत्स्योद्योग को मत्स्य पालन के लिए जलाशयों में लक्ष्य के अनुरूप केज कल्चर लगाने का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

## सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें

बैठक में सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि 50 दिनों से अधिक की लंबित शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण किया जाए। जिन विभागों में 500 दिनों से अधिक की शिकायत लंबित पाई जाएगी, उसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों पर जुर्माना लगाने तथा यह राशि उनके वेतन से काटने के निर्देश दिए गए।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बैटरियों से भरे ट्रक में लगी आग, बड़ा हादसा टला

## मची अफरा-तफरी, बैटरियों के फटने से धमाकों के साथ उठी चिंगारियां..

जगप्रेरणा सिवनी।

*जिले के नेशनल हाईवे-44 पर कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम मोहगांव में रविवार रात करीब 9 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। इलेक्ट्रिक वाहनों में उपयोग होने वाली बैटरियों से भरे एक ट्रक में अचानक आग लग गई।*



आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बैटरियों के फटने से धमाकों के साथ चिंगारियां उठने लगी।

सूचना मिलते ही कुरई पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे पास स्थित पेट्रोल पंप तक आग नहीं पहुंची।

### नोएडा जा रहा था वाहन..

जानकारी के अनुसार वाहन क्रमांक **UP-16 QT- 3397** चेन्नई से नोएडा की ओर जा रहा था। ट्रक चालक राम सिंह यादव (43), निवासी ग्राम औरैया, थाना पट्टी, जिला प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश), मोहगांव में सड़क किनारे वाहन खड़ा कर भोजन करने गए थे। इसी दौरान ट्रक में अचानक आग भड़क उठी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और प्रारंभिक स्तर पर आग बुझाने का प्रयास भी किया।

### फायर बिग्रेड ने पाया काबू..

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृपाल साह तेकाम पुलिस बल और डायल-112 के साथ मौके पर पहुंचे। सिवनी से दो फायर ब्रिगेड वाहनों को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि आग बुझने के बाद भी ट्रक में रखी इलेक्ट्रिक कारों में उपयोग होने वाली आठ बैटरियों की प्लेटें अत्यधिक गर्म बनी रहीं, जिससे बार-बार धुआं और लपटें उठती रहीं।

इसके चलते पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम देर रात तक मौके पर निगरानी करती रही, ताकि दोबारा आग न भड़क सके।

### तकनीकी पहलू से होगी जांच..

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तकनीकी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि लिथियम आधारित बैटरियों में आग लगने की स्थिति सामान्य आग की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण होती है, क्योंकि इनके दोबारा सुलगने की आशंका बनी रहती है। राहत की बात यह रही किइस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और समय पर किए गए बचाव कार्य से एक संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई।

# जनतानगर स्थित शासकीय कन्या छात्रावास एवं विद्यालय परिसर में फूड पॉयजनिंग..

## शैक्षणिक अव्यवस्थाओं और छात्राओं के उत्पीड़न को लेकर एनएसयूआई का आक्रोश, जांच एवं कार्रवाई की मांग..



जगप्रेरणा सिवनी।

*जनतानगर स्थित शासकीय कन्या छात्रावास एवं विद्यालय परिसर में छात्राओं को परोसे गए भोजन की स्तिथि इतनी ख़राब है कि छात्राओं की थाली में इल्ली (कीड़ा) मिली हैं जिसकी वजह से कई छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई*

और उन्हें फूड पॉयजनिंग की शिकायत के चलते अस्पताल में उपचार हेतु ले जाना पड़ा। यह घटना अत्यंत गंभीर है और छात्रावास एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। मामले की जानकारी मिलने पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह अपने साथियों विशाल काकोड़िया, देव राजपूत,हिमांशु ठाकुर एवं अजय सलाम के साथ छात्रावास एवं विद्यालय परिसर पहुँचे। छात्राओं से चर्चा के दौरान अनेक गंभीर समस्याएँ सामने आईं। छात्राओं ने बताया कि छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता अत्यंत खराब है, स्वच्छता का अभाव है तथा भोजन में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उनसे ही शौचालय साफ़ कराए जाते हैं, जो अत्यंत आपत्तिजनक है और छात्राओं की गरिमा के विपरीत है।

छात्राओं ने यह भी बताया कि विद्यालय में लंबे समय से खेलकूद के शिक्षक नहीं हैं, नियमित रूप से कक्षाएँ संचालित नहीं हो रही हैं तथा शैक्षणिक वातावरण लगातार प्रभावित हो रहा है। छात्राओं के अनुसार कुरई के प्राचार्य को यहाँ का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के बाद सिवनी की छात्राओं के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

साथ ही, विद्यालय प्रशासन द्वारा बात-बात पर टीसी (स्थानांतरण प्रमाण-पत्र) देने की धमकी देकर छात्राओं को डराया जाता है, जिससे वे अपनी समस्याएँ और शिकायतें खुलकर किसी के सामने नहीं रख पाती हैं। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि जिले के प्रत्येक छात्र-छात्रा की समस्याओं को उठाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाली छात्राएँ शासन की योजनाओं के तहत छात्रावासों में रहकर शिक्षा प्राप्त करती हैं। ऐसे में उन्हें सुरक्षित वातावरण, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन, सम्मानजनक व्यवहार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि इन मूलभूत सुविधाओं में लापरवाही बरती जा रही है, तो यह छात्राओं के अधिकारों के साथ गंभीर अन्याय है।

एनएसयूआई ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, फूड पॉयजनिंग और भोजन व्यवस्था में लापरवाही के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, छात्राओं से शौचालय साफ़कराने जैसी अमानवीय प्रथा को तत्काल बंद किया जाए तथा विद्यालय एवं छात्रावास की सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनियमितताओं को तत्काल दूर किया जाए। यदि शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो एनएसयूआई छात्रहित में सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# जुलाई से नवंबर तक चलेंगे शिक्षा विभाग में प्रतिदिन खेल

जगप्रेरणा सिवनी।

*विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर शिक्षा के साथ-साथ खेल के महत्व को प्रतिपादित करने के लिए जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा*



अधिकारी आशुतोष दीक्षित के मार्गदर्शन में सहायक जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह पाटिल एवं शिक्षा विभाग की खेल अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस की उपस्थिति में खेल शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई इस बैठक में वर्ष 2026 27 में होने वाली खेल गतिविधियों को लेकर न केवल चर्चा की गई बल्कि विभिन्न खेलों के संबंध में तिथि बार कैलेंडर की घोषणा की गई।

इन खेलों में विशेष रूप से 15 जुलाई को बुशु, 17 जुलाई को उदय पब्लिक स्कूल सिवनी योगासन एवं योग, 18 जुलाई को तिलक स्कूल सिवनी बॉक्सिंग उदय पब्लिक स्कूल सिवनी, वेटलिफ्टिंग 21 को बैडमिंटन, 22 जुलाई को टेबल टेनिस, 24 जुलाई को मलखंब, 25 जुलाई को जिमनास्टिक, 27 जुलाई को फुटबॉल, 29 जुलाई को मिशन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी रोप स्कीपिंग, 21 जुलाई को कराते, 1 अगस्त को शतरंज, 4 अगस्त को लॉन टेनिस, 6 अगस्त को गतका नया खेल, 8 अगस्त को लगोरी, 11 अगस्त को कुश्ती, 12 अगस्त को बाल बैडमिंटन, 17 अगस्त को तीरंदाजी, 19 अगस्त को बास्केटबॉल, 21 अगस्त को वॉलीबॉल, 24 अगस्त को और बाल, 27 अगस्त को खोखो, 29 अगस्त को कबड्डी, 21 अगस्त को एवं 1 नवंबर को 7 नवंबर को एवं 8 नवंबर को एथलेटिक्स, 8 नवंबर को क्रिकेट, 10 नवंबर को एवं 11 12 नवंबर को आयोजित किया जाएगा जिसको लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम का संचालन उत्कृष्ट विद्यालय के खेल शिक्षक देवेंद्र ठाकुर द्वारा किया गया उन्होंने इन खेलों के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं के निदान को लेकर भी अपनी बात रखी ज्ञातव्य है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकेंडरी साल सिवनी में होने वाली शैक्षिक गतिविधि यों में सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाने वाले यादुराज उईके स्कूली बच्चों को खेलकूद के दौरान आने वाली कठिनाइयों को लेकर अपनी बात रखी।

बैठक में जिला शिक्षा विभाग से अनुराग तिवारी, शैलेंद्र साहू सहित संदीप मिश्रा, निषाद खान, योगेश पाठक, आशीष दीक्षित, सुनील मर्सकोले, कैलाश कपोल, प्रेम श्रीवास्तव, अरविंद चंद्रवंशी, आशीष तिवारी, अनिल पाठक, सुनील बरकड़े, अनिल राजपूत, यदुराज उईके, सहित अनेक पीटीआई शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती पूजा पांडे भी शामिल हुई।

# भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक में उठा कान्हीवाड़ा विद्युत मंडल का मुद्दा, जेई को हटाने की मांग..




जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।

*कान्हीवाड़ा में गत दिवस भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक उत्सव पैलेस में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के संभागीय संगठन मंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद , भाजपा जिला अध्यक्ष तथा केवलारी विधानसभा के*

पूर्व विधायक सहित मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों तथा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी दौरान भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री सौरभ उर्फ गोलू यादव ने कान्हीवाड़ा विद्युत मंडल की कार्यप्रणाली का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने बैठक में कहा कि जब से कनिष्ठ अभियंता भोपाल सिंह उइके ने कान्हीवाड़ा विद्युत मंडल की जिम्मेदारी संभाली है, तब से क्षेत्र में विद्युत संबंधी समस्याएं बढ़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार, शिकायतों के निराकरण में लापरवाही तथा कार्य के प्रति उदासीनता के कारण आम जनता परेशान है। उन्होंने कनिष्ठ अभियंता को तत्काल हटाए जाने की मांग भी रखी।

बैठक में मौजूद अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी इस मुद्दे पर समर्थन जताते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों की विद्युत संबंधी शिकायतों का समय पर समाधान नहीं हो रहा है और संबंधित अधिकारी जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की बात नहीं सुनते। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संबंधित अधिकारी के स्थानांतरण की मांग की। इस पर भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी बात को गंभीरता से लिया जाएगा तथा संबंधित समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

अब देखना होगा कि कार्यकर्ताओं द्वारा उठाई गई मांग पर आगे क्या कार्रवाई होती है और कान्हीवाड़ा क्षेत्र की विद्युत समस्याओं के समाधान की दिशा में क्या कदम उठाए जाते हैं।

# कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह की अध्यक्षता में समय सीमा बैठक हुई सम्पन्न..

जगप्रेरणा सिवनी।

*सोमवार 13 जुलाई को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई।*



बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, समय-सीमा में दर्ज प्रकरण, बाढ़ आपदा प्रबंधन, जर्जर शासकीय भवनों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, फार्मर रजिस्ट्री तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती शाह ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खंड स्तरीय जनसुनवाई में सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं को भी आमंत्रित कर उनकी समस्याओं का नियमानुसार समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय, सीएस मॉनिटर तथा विभिन्न आयोगों से प्राप्त लंबित पत्रों एवं प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की समीक्षा करते हुए श्रीमती शाह ने सभी विभाग प्रमुखों से जनभागीदारी के माध्यम से अधिकाधिक पौधरोपण कराने का आह्वान किया। उन्होंने शासकीय एवं निजी भूमि पर पौधरोपण को प्रोत्साहित करने तथा लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विशेष अभियान के तहत चिन्हित जर्जर शासकीय भवनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित विभागों को भवनों के डिस्मेंटलिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वर्षा ऋतु को देखते हुए बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा कर सभी खंड स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने क्विक रिस्पांस टीम, बचाव उपकरण, राहत सामग्री, संचार व्यवस्था तथा विभागीय समन्वय की जानकारी लेते हुए संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने को कहा। राहत शिविरों में भोजन, पेयजल, दवाइयों सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

बैठक में स्कूलों में नामांकन की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने छूटे हुए बच्चों का विशेष अभियान चलाकर अनिवार्य रूप से नामांकन कराने तथा स्कूल स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों के अपार आईडी एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की त्रैमासिक प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण तैयार कर बैंकों को शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# 15 जुलाई तक शासकीय महाविद्यालय बरघाट में प्रवेश मेला, विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जुड़ने किया प्रेरित

जगप्रेरणा सिवनी।

*शासन के निर्देशानुसार अतिरिक्त सीएलसी (CLC) राउंड के अंतर्गत 08 से 15 जुलाई 2026 तक शासकीय महाविद्यालय बरघाट में 'प्रवेश मेला' आयोजित किया जा रहा है। मेले का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च*




शिक्षा से जोड़ना तथा महाविद्यालय में रिक्त सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.एल. इनवाती के मार्गदर्शन में आयोजित प्रवेश मेले में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, विषय चयन, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति, ई-प्रवेश पोर्टल, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रवेश प्रभारी प्रो. छत्रपाल सिंह जाटव ने अतिरिक्त सीएलसी राउंड की प्रवेश प्रक्रिया, उपलब्ध रिक्त सीटों तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से समय रहते प्रवेश सुनिश्चित करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पंकज कुमार गहरवार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने प्रवेश जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को उच्च शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने अधिक से अधिक विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेकर अपने भविष्य को संवारने का संदेश दिया।

इस अवसर पर मानेश्वर बिसेन ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उच्च शिक्षा, व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर निर्माण के विविध अवसरों की जानकारी साझा की तथा उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. आरती भीमटे, शबनम खान, वरिष्ठ छात्र-छात्राएँ, अभिभावक एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफउपस्थित रहा। सभी ने विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराने में सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय परिवार ने क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे 08 से 15 जुलाई 2026 तक आयोजित अतिरिक्त सीएलसी राउंड के अंतर्गत प्रवेश मेले का लाभ उठाकर निर्धारित समय-सीमा में प्रवेश लें तथा उच्च शिक्षा के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखें।









जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कार्यकर्तागण अपने अपने बूथ को करे मजबूत, वारासिवनी चुनाव मे भाजपा की जीत है सुनिश्चित.. डा सुमेरसिंह सोंलकी..

## भाजपा कार्यालय मे कामकाजी बैठक मे पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष, विधायको सहित संगठन पदाधिकारीयो का रहा जमावडा..










जगप्रेरणा वारासिवनी।

***भाजपा कार्यालय मे प्रदेश महामंत्री डा सुमेरसिंह सोंलकी की अध्यक्षता मे कामकाजी बैठक मे संगठन व सत्ता की बडी बडी हस्तिया शामिल हुयी। बैठक मे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओ को संगठन के हिसाब से कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया।***

बैठक मे भाजपा के सभी विंग व मोर्चो के पदाधिकारीयो के साथ नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधीगण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर मंडल वारासिवनी की काम काजी बैठक मे विशेष रूप से प्रदेश महामंत्री डा सुमेरसिंह सोंलकी के साथ जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा, जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, सांसद श्रीमती भारती पारधी, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल,विधायक गौरव सिंह पारधी, उपाध्यक्ष किशोर अमूले,विधानसभा प्रभारी जीतेन्द्र मोहारे, अभय कोचर, जिला महामंत्री नरेन्द्र भैरम, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, नपा अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति संतोष शिव सहित अनेको दिग्गज हस्तिया मौजूद रही। कार्यक्रम मे अतिथीयो का स्वागत नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, मिलिंद नगपुरे, वेदप्रकाश पटेल व अन्य पदाधिकारीयो के द्वारा किया गया। मंच संचालन संतोष आडे व आभार प्रदर्शन राजू गोयल के द्वारा कुशलता से किया गया।

बैठक मे प्रदेश महामंत्री डा सुमेरसिंह सोंलकी ने भाजपा कार्यकर्ताओ की क्लास लेते हुये पार्टी की रीति निती से परिचय कराते हुये मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेषकर जब उन्होने जानकारी दी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व ग्रहमंत्री अमित शाह भी अपने अपने बूथ के अध्यक्ष है। और भाजपा मे कार्यकर्ताओ का ही सबसे ज्यादा महत्व है और आज हमारी भाजपा का परिवार 12 करोड से ज्यादा सदस्यो का हो चुका है।

श्री सोलंकी ने प्रत्येक बूथ के अध्यक्ष, महामंत्री व पन्ना प्रभारीयो की कार्यशैली से वन टू वन मे परिचीत होते हुये कहा की भाजपा के सत्ता मे जितने भी प्रतिनिधी है वह कार्यकर्ताओ की मेहनत से ही महत्तवपूर्ण पदो तक पहुचे है। पार्टी ने आपको जिम्मेदारी दी है तो उसका निर्वहन हमे लगन व ईमानदारी से करना है। यह भाजपा है जो पिछली पंक्ति के कार्यकर्ताओ को भी अचानक सबसे आगे करके अग्रिम पंक्ति मे खडी कर देती है।

बैठक मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कार्यकर्ताओ को उत्साहित करते हुये कहा की आज प्राय सभी राज्यो मे भाजपा की सरकार बन रही है। विशेषकर पश्चिम बंगाल मे भी हमारी भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। इसके पीछे पिछले दस साल की नेत्रत्व की मेहनत व सैकडो कार्यकर्ताओ का बलिदान है। पूर्व के एक प्रसंग का जिक्र करते हुये प्रदीप जायसवाल ने कहा की जब पूर्व मे राज्यसभा सदस्य के लिये चुनाव हुये थे। तब तात्कालिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान जी ने मेरी माताश्री के शांत होने के बाद विशेष विमान भोपाल से भेजकर मुझे वोट डालने भोपाल बुलवाया था।

और नियमानुसार वह वोट उस समय के राज्यसभा के सदस्य डा सुमेरसिंह सोंलकी को मेरे द्वारा दिया गया था। इस जानकारी के बाद डा सुमेरसिंह सोंलकी ने भी गुडडा भैया की ओर इशारा करते हुये कहा की विशेष विमान भेजने की यह ताकत हमारी भारतीय जनता पार्टी की ही थी। आज भी पार्टी की नजर मे कार्यकर्तागणो की सबसे ज्यादा अहमियत होती है।

बैठक मे जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा की आज की इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्ययोजनाओं की समीक्षा करना और संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारा सशक्त बूथ संगठन है। बूथ पर कार्य करने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव का वास्तविक योद्धा होता है। हमें अपनी विचारधारा, पार्टी की रीति-नीति और केंद्र,राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर और हर मतदाता तक पहुँचाना है।

जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने कहा की जिस दिन हम अपने बूथ को मजबूत कर लेगे। उसी दिन हमे चुनाव के परिणाम के पहले ही कितने वोटो से विजयश्री होगी, इसका आंकलन भी सामने आ जायेगा। वारासिवनी का संगठन बेहद मजबूत है और आने वाले सभी चुनावो मे भाजपा की जीत कार्यकर्ताओ के कारण होनी तय भी है।

बैठक मे विशेष रूप से सर्वश्री चिरौंजी पारधी, प्रवीण खरोले, सुनील बंटी पारधी, केशव सिंह बैस, प्रबल जायसवाल,शैलेन्द्र तिवारी, अमित येरपूडे, विनोद मिश्रा, प्रवीण रूसिया, मदन धार्मिक, पवन धूर्वे, मनोज लिल्हारे, आलोक खरे, मोनू लिमजे, संजय गुप्ता, शानू सिंघई, अरमान खान, मिथलेश बुरडे, शंशाक डोंगरे, मंयक मिश्रा, अनिश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

इसी प्रकार महिला मोर्चा मे श्रीमती निर्मला पटले, रीना कासल, सीमा पारधी, तुलसी शर्मा, शीतल अरोरा, दीपा रूसिया, ललिता ठाकरे, कोमल व्यास, श्रीति पालेवार, मिनाक्षी ठाकरे आदि भी उपस्थित रही। साथ ही बैठक मे भाजपा के सभी मोर्चो व विंग के पदाधिकारीयो के साथ संगठन के सभी प्रमुख लोग भी उपस्थित रहे।

# एसएसपी महाविद्यालय वारासिवनी में प्रवेश मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को मिल रहा प्रवेश का सुनहरा अवसर..



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय, वारासिवनी में उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार 08 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक प्रवेश मेले का आयोजन किया जा रहा है।***

मेले का उद्देश्य अतिरिक्त सीएलसी (ष्टरुष्ट) राउंड के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ते हुए प्रवेश प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाना है। प्रवेश मेला प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय में आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को उसी दिन पंजीयन, चॉइस फिलिंग एवं संशोधन, दस्तावेज सत्यापन, सीट आवंटन तथा प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को विषयवार एवं श्रेणीवार रिक्त सीटों की जानकारी, उपलब्ध पाठ्यक्रमों का विवरण तथा उनके अनुरूप विषय चयन संबंधी परामर्श भी दिया जा रहा है, ताकि वे अपनी रुचि और पात्रता के अनुसार सही निर्णय ले सकें।

महाविद्यालय प्रशासन ने सभी पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित अवधि के भीतर प्रवेश मेले का लाभ उठाकर अपनी प्रवेश संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है। यह प्रवेश मेला प्राचार्य डॉ. एस.एस. गेडाम के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है।

# प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में चलेगा 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान..

## 15 से 30 जुलाई तक विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए किया जाएगा जागरूक

जगप्रेरणा बालाघाट।

***विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में ÷नशे से दूरी है जरूरी 2.0÷ अभियान संचालित किया जाएगा।***

यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक चलेगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को अभियान के अंतर्गत समयबद्ध रूप से जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट गाइड युवाओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देंगे। अभियान की शुरुआत 15 जुलाई 2026 को होगी। जागरूकता रैली, ड्रग अवेयरनेस रन की गतिविधियां होंगी। इस दौरान स्थानीय मीडिया के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे तथा नशा मुक्ति से जुड़े पम्पलेट वितरित किए जाएंगे। विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता के लिए रील्स एवं शॉर्ट फिल्म निर्माण तथा उनका प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन आयोजित होंगे।

उच्च शिक्षण संस्थानों के आसपास तम्बाकू, सिगरेट या अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री नहीं हो, इस संबंध में भी जागरूकता सुनिश्चित की जाएगी। चित्रकला, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थी नशा मुक्ति का संदेश देंगे। इन गतिविधियों में विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान का उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना और शिक्षण संस्थानों के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करना है।

# 6 राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई, अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025 के राज्य और जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 31 अगस्त 2026 कर दिया गया है। विभाग को पूर्व में तय समय-सीमा के भीतर बेहद कम संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके चलते जमीनी स्तर पर काम करने वाले वास्तविक हकदारों तक पहुँचने के उद्देश्य से आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है।

कुल छह अलग-अलग श्रेणियों में राज्य और जिला स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसमें विजेताओं को एक लाख रुपये तक की सम्मान निधि और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाता है।

इसके तहत बाल विवाह और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने तथा पीड़ितों के पुनर्वास में योगदान देने वाली बालिकाओं और महिलाओं को 'रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता और पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में प्रमाणिक कार्य करने वाली महिलाओं को 'राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार' दिया जाएगा, जबकि इसी कार्य क्षेत्र में सक्रिय पुरुषों और स्वयंसेवी संस्थाओं (ह्त्रह्) के लिए 'श्री विष्णु कुमार महिला बाल कल्याण समाज सेवा' सम्मान से पुरस्कृत किया जायेगा।

अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लोहा लेने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए भी विभाग ने विशेष श्रेणियों को शामिल किया है। इनमें 'मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार' और 'राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार' प्रमुख हैं, जो उन महिलाओं और पुरुषों को दिए जाएंगे जिन्होंने वर्ष 2025 के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर किसी महिला के सम्मान और गरिमा की रक्षा की हो। मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार राज्य स्तर पर चार और जिला स्तर पर दो विजेताओं को दिया जाएगा, जिसमें जिला स्तर पर पचास हजार रुपये की सम्मान राशि तय की गई है।

इसके अतिरिक्त, अपने ऊपर हुए किसी भी प्रकार के हमले या हिंसा का डटकर मुकाबला करने वाली और आत्मरक्षा की अनूठी मिसाल पेश करने वाली जांबाज महिलाओं को 'अरुणा शानबाग वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक आवेदक इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आवेदन का निर्धारित प्रारूप विभागीय वेबसाइट (222.द्वश्च2ष्स्रद्बद्बह्य.द्दश1.द्बठ्ठ) से डाउनलोड कर सकते हैं या सीधे अपने जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

पूर्ण रूप से भरे गए आवेदनों को सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ अंतिम तिथि से पहले जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में जमा कराना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आवेदन पत्र पर उस विशिष्ट पुरस्कार का नाम साफतौर पर लिखा होना चाहिए जिसके लिए दावेदारी की जा रही है।

साथ ही, आवेदन में एक अनुक्रमणिका (इंडेक्स) लगाना और सभी पृष्ठों पर नंबर डालना अनिवार्य है ताकि स्क्रूटनी के समय पारदर्शिता बनी रहे। जिन योग्य उम्मीदवारों ने पूर्व में ही समय-सीमा में अपने आवेदन जमा कर दिए थे, उन्हें दोबारा फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं है, उनके पुराने आवेदनों को पूरी तरह वैध माना जाएगा। हालांकि, यदि वे इस बीच किए गए अपने किन्हीं अतिरिक्त कार्यों का विवरण स्वेच्छा से जोडऩा चाहते हैं, तो वे नया आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में विभाग केवल उनके नवीन आवेदन पर ही विचार करेगा। तय समय-सीमा यानी 31 अगस्त 2026 के बाद मिलने वाले किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# डायरिया रोको अभियानः बिरसा के सुरवाही, गोरखपुर और गर्राटोला में पेयजल की गुणवत्ता जांची, ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा डायरिया***

रोको अभियान के अंतर्गत लगातार जनजागरूकता एवं जल गुणवत्ता परीक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके के निर्देशन में पीएमयू समन्वयक श्रीमती शीतल मिश्रा एवं श्री हरीश झा तथा ब्लॉक समन्वयक श्री फ्नीश रंगारे ने विकासखंड बिरसा के ग्राम सुरवाही, गोरखपुर एवं गर्राटोला की ग्राम पंचायतों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का भ्रमण कर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित कीं।

अभियान के दौरान विभागीय टीम ने ग्रामीणों की उपस्थिति में फील्ड टेस्ट किट (एफ्टीके) के माध्यम से पेयजल स्त्रोतों के पानी की गुणवत्ता की जांच की। परीक्षण के दौरान पानी की रासायनिक शुद्धता का आकलन किया गया तथा ग्रामीणों को स्वयं एफ्टीके किट का उपयोग कर पानी की जांच करने की विधि भी सिखाई गई, ताकि वे समय-समय पर अपने पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण कर दूषित पानी के सेवन से बच सकें।

इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को हैंड वॉश के छह चरणों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर सही तरीके से हाथ धोने की जानकारी दी गई।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि भोजन बनाने और खाने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने की आदत अपनाकर डायरिया सहित अनेक जलजनित बीमारियों से प्रभावी बचाव किया जा सकता है।

समन्वयकों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे हमेशा स्वच्छ एवं ढककर रखा गया पेयजल ही उपयोग करें, जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा गंदगी दिखाई देने पर तत्काल उसकी सफाई करें। उन्होंने कहा कि सजगता, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल का उपयोग ही डायरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है।

पीएचई विभाग ने बताया कि डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवों में जल गुणवत्ता परीक्षण, स्वच्छता जागरूकता और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की गतिविधियां निरंतर जारी रहेंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जलजनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

# डायरिया रोको अभियान के तहत पांच गांवों में हैंडपंपों का सुधार..

## पेयजल स्त्रोतों का किया गया क्लोरीनीकरण



जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट जिले में संचालित डायरिया रोको अभियान के तहत सोमवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा लालबर्रा, लांजी एवं किरनापुर विकासखंड के ग्राम धपेरा, सिर्रा, बडग़ांव, साडरा एवं सेवती में पेयजल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान पीएचई विभाग की टीम ने गांवों का भ्रमण कर खराब पड़े हैंडपंपों का सुधार कार्य कराया, जिससे ग्रामीणों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही सुधारे गए हैंडपंपों सहित गांव के सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया, ताकि पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणुओं का नाश हो सके और जलजनित बीमारियों, विशेषकर डायरिया, के फैलने की आशंका को कम किया जा सके। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्षा ऋतु में जल स्त्रोतों के दूषित होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में पेयजल स्त्रोतों का नियमित क्लोरीनीकरण एवं रखरखाव आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जिले में डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत लगातार गांव-गांव पहुंचकर पेयजल स्त्रोतों को सुरक्षित बनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभाग ने ग्रामीणों से अपील की कि वे हमेशा पानी को छानकर एवं ढककर रखें, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें तथा डायरिया के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बॉर्डर पर पकड़ा गया अमेरिकी, जॉर्डन ब्राउन के अजीब दावों ने मचा दिया हड़कंप; मैथ्यू वैनडाइक की कहानी दोहराई?

डेस्क जगप्रेरणा।

***बिना वीजा भारत से नेपाल जाने के प्रयास में अमेरिकी नागरिक जॉर्डन ब्राउन को गिरफ्तार कर लिया गया है। शनिवार सुबह एसएसबी जवान सोनौली कोतवाली क्षेत्र के मैनिहवा के समीप सीमा स्तंभ 516 के पास गश्त कर रहे थे।***



इसी दौरान भारत की ओर से नेपाल की तरफ जा रहा एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। जवानों उसे ने जांच के लिए रोका तो वह हाथ छुड़ाकर भागने लगा। इस दौरान जवानों ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। वहीं, आपको बता दें कि अमेरिका में भारतीय मूल की महिला त्रश्शश्द्द्यद्द कर्मी शीतल ब्रजेसियन की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

## 31 हजार कैश, 2 मोबाइल और कोई दस्तावेज नहीं..

भारत-नेपाल बॉर्डर पर अमेरिकी नागरिक जॉर्डन ब्राउन की गिरफ्तारी के बाद खुफिया एजेंसियां मामले की बारीकी से जांच कर रही हैं। उसके पास से 31 हजार 460 रुपये कैश और 2 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम 36 वर्षीय जार्डन ब्राउन निवासी कैलिफोर्निया राज्य, अमेरिका बताया। जॉर्डन के पास न तो पासपोर्ट था और न ही कोई अन्य वैध दस्तावेज। वह बेंगलुरु से सोनौली सीमा पर आया और बिना दस्तावेज के नेपाल जाने की फिराक में था।

## जॉर्डन ब्राउन ने क्या-क्या दावे किए?

सही कागजात न होने के बावजूद, जॉर्डन ब्राउन ने अलग-अलग दावे किए हैं- जैसे कि वह अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज का पूर्व सैनिक है और 'नाज़' नाम के एक परिचित का पता लगा रहा है। कई देशों की यात्रा के उसके अजीब दावों की तुलना मैथ्यू वैनडाइक से की जा रही है। अब आपको बताते हैं आखिरे ये मैथ्यू वैन डाइक कौन है, जिसे कुछ ही महीनों पहले भारत में गिरफ्तार किया गया।

## फमैथ्यू वैनडाइक कौन है?

मैथ्यू वैनडाइक उन सात विदेशियों में से एक था जिसे 17 मार्च को भारत के खिलाफ रची गई एक कथित साजिश के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। वह भारत के रास्ते अवैध रूप से म्यांमार में घुसा था, ताकि वहां के जातीय सशस्त्र समूहों और भारत के कुछ प्रतिबंधित समूहों को ट्रेनिंग दे सके।

मैथ्यू एरन वैनडाइक खुद को सिक्योरिटी एनालिस्ट, वॉर कॉरेस्पोंडेंट और डॉक्यूमेंट्री फिल्ममेकर बताता था। उसका नाम पहली बार 2011 में लीबिया के गृह युद्ध के दौरान चर्चा में आया था, जब वह विद्रोही लड़ाकों के साथ शामिल हुआ था और उसे जेल में डाल दिया गया था। लीबिया के बाद, वैनडाइक ने 'सन्स ऑफ लिबर्टी इंटरनेशनल' (SOLI) नाम का एक संगठन बनाया। यह संगठन दुनिया भर के संघर्ष वाले इलाकों में स्थानीय हथियारबंद समूहों को मिलिट्री ट्रेनिंग और रणनीतिक सलाह देता है।

## विद्रोह का समर्थक है वैनडाइक

मैथ्यू वैनडाइक के सोशल मीडिया फुटेज और मोबाइल फोन की जांच करने पर कई रिकॉर्डिंग मिली थीं जिनमें कथित तौर पर वैनडाइक को दुनिया भर में होने वाले विद्रोहों का समर्थन करते हुए सुना गया। उसने कहा कि उसका मकसद सिर्फ विदेशी लड़ाकों को लड़ाई में भेजना नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों को खुद के लिए लड़ने के लिए प्रशिक्षित करना था। वैनडाइक ने तो किराए के सैनिकों से वेनेजुएला, म्यांमार और ईरान में विद्रोही गुटों में शामिल होने के लिए वैश्विक अपील भी जारी की थी।

## क्यों अहम है वैनडाइक की गिरफ्तारी?

भारत में उसकी गिरफ्तारी इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि माना जाता है कि उसका संबंध पूर्वोत्तर में सक्रिय हथियारबंद नेटवर्क से है। यह भी माना जा रहा है कि वैनडाइक ड्रोन संचालन और आधुनिक युद्ध तकनीकों में प्रशिक्षण दे रहा था। उसकी गिरफ्तारी से सुरक्षा से जुड़े कई बड़े सवाल खड़े होते हैं, खासकर यह कि क्या भारतीय क्षेत्र का इस्तेमाल एक ट्रांजिट कॉरिडोर (आवागमन के रास्ते) के तौर पर किया जा रहा था और क्या उसका भारत-विरोधी और प्रतिबंधित गुटों से कोई संबंध था। जासूसी और खुफिया जानकारी जुटाने के पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## आधुनिक युद्ध का माहिर है वैनडाइक..

मैथ्यू वैनडाइक एक भाड़े का सैन्य प्रशिक्षक था जिसके बारे में कहा जाता है कि उसका पहले अमेरिकी सेना से भी जुड़ाव रहा है। उसने इराक और अन्य युद्ध क्षेत्रों में भी सेवा दी है। सूत्रों ने यह भी बताया कि उसने 'स्पेशल फोर्स की ट्रेनिंग भी ली है, जिसमें गुरिल्ला युद्ध, रणनीतिक अभियान, ड्रोन का इस्तेमाल और आधुनिक युद्ध तकनीक' जैसे विषय शामिल हैं।

## भारतीय अदालत तक कैसे पहुंचा?

वैनडाइक को कोलकाता में गिरफ्तार किया गया था। तीन यूक्रेनी नागरिकों को लखनऊ से और तीन अन्य को दिल्ली से पकड़ा गया था। बाद में इन सभी 7 लोगों को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां NIA ने यात्रा के रास्ते का पता लगाने, कथित साज़िश के सबूत इकट्ठा करने और अन्य साथियों का पता लगाने के लिए कस्टडी की मांग की थी।

वैनडाइक की तरह अब जॉर्डन ब्राउन से पूछताछ के बाद सोनौली पुलिस को सौंपने की कार्रवाई की जा रही है। वह कितने दिनों से भारत में रह रहा था इसकी भी जांच पड़ताल की जा रही है।

# नागपुर में बाघ को नजदीक देखकर पिता ने बेटे के साथ बांध में लगाई छलांग, डूबने से दोनों की हो गई मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***महाराष्ट्र के नागपुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां बाघ को नजदीक देखकर एक पिता ने बेटे के साथ बांध में छलांग लगा दी। डूबने की वजह से पिता और बेटे की मौत हो गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।***



## क्या है पूरा मामला?

नागपुर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। नागपुर से 50 किलोमीटर दूर डेवलापार क्षेत्र में पिता और पुत्र बांध के पास अपनी खेती में काम करने और मछली पकड़ने के लिए गए थे। उस दौरान संजय उइके और उनके रिश्तेदार भी वहां पर मौजूद थे। तभी संजय उइके ने देखा कि एक बाघ उनकी तरफ दौड़ता हुआ आ रहा है। यह देखकर उसने चिल्लाना शुरू किया।

पिता और पुत्र को चेतावनी देने की कोशिश की कि बाघ उनके समीप है। कुछ ही देर में बाघ बहुत करीब आ गया, इसलिए डरे हुए पिता ने पुत्र को पकड़ा और बांध में छलांग लगा दी। दुर्भाग्य से उनके पैर बांध के कीचड़ में फंस गए। इससे दोनों की मौत हो गई।

बाघ के डर से अपनी जान बचाने की कोशिश में पिता जीवन धर्मराज कोकोड़े और 7 वर्षीय मासूम बेटे जतिन कोकोड़े के साथ बांध में कूद गया, जहां दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक, संजय उइके, जीवन के रिश्ते में साला लगते हैं। यह तीनों खेती के काम से रविवार को लखन बांध के पास गए थे, इस दौरान उन्होंने देखा कि 200 से 250 मीटर की दूरी पर एक बाघ है। एक दूसरे को संकेत देने के लिए वह जोर-जोर से चिल्लाने लगे। अचानक सामने बाघ होने से तीनों में अफरा तफरी मच गई और जान बचाने के लिए वह इधर-उधर भागने लगे। संजय उइके बांध के नीचे निकल गया, जबकि जतिन बेटे को लेकर पानी में कूद गया।

जतिन को तैरना आता था, उसे लगा कि वह बचकर निकल जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। संजय उइके भागते-भागते गांव में गया और गांव के ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी दी। तुरंत पुलिस की टीम और वन विभाग को सूचना दी गई। पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने पंचनामा कर जांच शुरू कर दी है।

# बिलासपुर में चौकीदार की हत्या करके चार किशोर बाल सुधार गृह से फरार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक सरकारी बाल सुधार गृह के चार किशोर बंदियों ने 40 वर्षीय चौकीदार की कथित रूप से गला घोंटकर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।***



बिलासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रजनेश सिंह ने बताया कि घटना रविवार देर रात करीब दो बजे सरकंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत सरकारी बाल सुधार गृह में हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान नरेंद्र कुमार खांडे के रूप में की गई है जो जिले के तखतपुर क्षेत्र के अरईबंद गांव के निवासी थे। उन्होंने बताया कि खांडे कानून का उल्लंघन करने के आरोपों में रखे गए किशोरों के लिए बने इस आवासीय केंद्र में चौकीदार के रूप में कार्यरत थे। सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, चार किशोर बंदियों ने खांडे के साथ कथित तौर पर मारपीट की, उनके हाथ-पैर बांध दिए, मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और गला घोंटकर उनकी हत्या करने के बाद सुधार गृह से फरार हो गए।

उन्होंने बताया कि फरार हुए किशोरों में से तीन रायगढ़ जिले के रहने वाले हैं, जबकि चौथा कोरबा जिले का निवासी है। उन्होंने बताया कि चारों को गंभीर आपराधिक मामलों में बाल सुधार गृह में रखा गया था। सिंह ने कहा, 'हत्या के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि किशोरों ने फरार होने के इरादे से चौकीदार से सुधार गृह के गेट की चाबी मांगी थी। जब उसने इनकार किया तो उन्होंने उसे काबू में कर लिया, उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए।' उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी सुबह करीब आठ बजे मिलने के बाद पुलिस ने फरार किशोरों की तलाश के लिए अभियान शुरू किया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने श्वान दस्ते के साथ घटनास्थल की जांच की और साक्ष्य जुटाए। उन्होंने बताया कि सुराग के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इससे पहले 23 जून को सरगुजा जिले के एक सरकारी बाल सुधार गृह से 11 किशोर भारी बारिश और बिजली गुल होने का फायदा उठाकर फरार हो गए थे।

# इंडोनेशिया में दो ट्रकों की टक्कर से 13 लोगों की मौत, शादी से लौट रहे थे मेहमान; 5 घायल..



डेस्क जगप्रेरणा।

***इस वक्त की बड़ी खबर इंडोनेशिया के जावा द्वीप से सामने आ रही है। यहां एक दर्दनाक सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे, जिसमें यह बतौर मेहमान शामिल हुए थे।***

जानकारी के मुताबिक ये सभी लोग एक खुले पिकअप वैन में सफर कर रहे थे। इस दौरान एक विंग-बॉक्स ट्रक ने उनकी ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक दूसरी लेन में चली गई, जहां अन्य ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी। इस तरह से दोनों ट्रकों की टक्कर से 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दो ट्रकों की टक्कर से हुआ हादसा..

पुलिस ने सोमवार को बताया कि इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक व्यस्त हाईवे पर शादी के लिए मेहमानों को ले जा रही एक पिकअप ट्रक दो ट्रकों के बीच कुचल गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय ट्रैफिक पुलिस प्रमुख उडांग शरीफ हिदायत ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार दोपहर इंद्रामायु रीजेंसी के कियाजारन कुलोन गांव के पास उत्तरी तटीय हाईवे पर हुई। यह समूह पड़ोसी पारेन गांव में एक शादी में शामिल होकर घर लौट रहा था।

## ओपन पिकअप में सवार थे मेहमान..

ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित एक खुली पिकअप ट्रक में यात्रा कर रहे थे। हाईवे पर यू-टर्न लेने के लिए जब गाड़ी धीमी हुई और मीडियन ओपनिंग के पास रुकी, तो उसी दिशा में आ रहे एक विंग-बॉक्स ट्रक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। हिदायत ने कहा, 'टक्कर से पिकअप दूसरी लेन में चली गई, जहां उसे एक और ट्रक ने टक्कर मार दी। इस ज़बरदस्त टक्कर से पिकअप ट्रक में सवार एक दर्जन से ज़्यादा लोग हाईवे पर जा गिरे।'


## हादसे में पांच लोग घायल..

पुलिस ने बताया कि इस हादसे में घायल हुए 5 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। उन्हें मामूली से लेकर गंभीर चोटें आई हैं। अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। इससे पहले हाल ही में पाकिस्तान में भी एक बस खाई में गिर जाने से 40 लोगों की मौत हो गई थी। बता दें कि इंडोनेशिया में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं, जहां ओवरलोडेड गाड़ियां, सड़क सुरक्षा के अपर्याप्त उपाय और ट्रैफिक नियमों का ठीक से पालन न करना अक्सर जानलेवा दुर्घटनाओं का कारण बनता है।

# पेंशन लेने पहुंचे बुजुर्ग और दिव्यांग बेटे के अकाउंट में आए 15 अरब रुपये, फिर जो हुआ..

डेस्क जगप्रेरणा।

***कहते हैं कि जब ऊपरवाला देता है तो छप्पर फाड़कर देता है, लेकिन बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने पल भर के लिए एक गरीब परिवार को अरबपति बना दिया और अगले ही पल सबकुछ जीरो हो गया।***



मामला मुजफ्फरपुर के सकरा प्रखंड के थतिया सीहो गांव का है, जहां वृद्धावस्था पेंशन निकालने पहुंचे एक बुजुर्ग और उनके दिव्यांग बेटे के बैंक खातों में अचानक कुल मिलाकर करीब 15 अरब (1500 करोड़) रुपये का बैलेंस दिखाई देने लगा। हालांकि, कुदरत और तकनीकी गड़बड़ी का ऐसा खेल चला कि महज 10 मिनट के भीतर यह पूरी राशि गायब हो गई।

## इकाई-दहाई गिनने में ही बीत गए 5 मिनट..

जानकारी के अनुसार, थतिया सीहो गांव के निवासी 82 वर्षीय कामेश्वर मिश्र उर्फ 'घुमक्कड़' अपने दिव्यांग बेटे के साथ गांव के ही एक ग्राहक सेवा केंद्र पर अपनी पेंशन राशि निकालने गए थे। कामेश्वर मिश्र ने वृद्धावस्था पेंशन के 1100 रुपये और उनके बेटे ने अपनी दिव्यांग पेंशन की राशि निकाली। इसके बाद जब दोनों ने अपने खातों का बैलेंस चेक कराया, तो कंप्यूटर स्क्रीन पर जो दिखा उसे देखकर न सिर्फ दोनों पिता-पुत्र, बल्कि सीएससी संचालक की आंखें भी फटी की फटी रह गईं।

दोनों के खातों में अलग-अलग करीब 7,59,69,51,951 रुपये (लगभग 7.59 अरब रुपये) बैलेंस शो हो रहा था। दोनों अकाउंट की कुल राशि मिलाकर लगभग 15 अरब रुपये थी। केंद्र पर मौजूद लोग हैरान-परेशान होकर करीब 4 से 5 मिनट तक तो सिर्फस्क्रीन पर दिख रहे अंकों को गिनते रहे और इकाई-दहाई का हिसाब लगाते रहे। जब यह तसल्ली हो गई कि राशि वाकई अरबों में है, तो वहां मौजूद हर शख्स की धड़कनें तेज हो गईं।

## पैसे निकालने का प्रयास रहा विफल..

अचानक खाते में महासागर जैसी बड़ी रकम देखकर सीएसपी संचालक ने तुरंत उसमें से कुछ हिस्सा निकालने का प्रयास किया। लेकिन 'किस्मत में जो नहीं, वो मिल नहीं सकता' की तर्ज पर, हर बार तकनीकी कारणों से ट्रांजेक्शन फेल होता रहा।

## पल भर में टूटे सपने..

खाते में अरबों रुपये देखकर बुजुर्ग कामेश्वर मिश्र को लगा था कि शायद उनके जीवन की सारी आर्थिक परेशानियां हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगी। लेकिन यह खुशी चंद मिनटों की ही मेहमान थी।

## 10 मिनट बाद बैलेंस हुआ शून्य..

सीएसपी संचालक ने जब लगभग 10 मिनट बाद दोबारा खाते का बैलेंस चेक किया, तो स्क्रीन पर दिख रही अरबों की राशि पूरी तरह गायब हो चुकी थी और बैलेंस घटकर शून्य दिखाई देने लगा। पल भर में आए सुनहरे सपने ताश के पत्तों की तरह ढह गए और बुजुर्ग कामेश्वर मिश्र मायूस होकर वहीं सिर पकड़कर बैठ गए। इस अजीबोगरीब वाकये के बाद अब पूरे इलाके में बुजुर्ग कामेश्वर मिश्र को लोग मजाक में '10 मिनट का अरबपति' कहकर बुला रहे हैं। अजीबोगरीब वाकया पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।




# 'अचानक मौत के लिए तैयार रहो', ट्रंप को खुलेआम चेतावनी; ईरानी अखबार ने दी धमकी..

डेस्क जगप्रेरणा।




डोनाल्ड ट्रंप की करीबी सहयोगी लिंडसे ग्राहम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी मौत के बाद अब ईरानी अखबार जश्न मना रहे हैं। ईरानी अखबार 'हमशहरी' ने अपनी हेडलाइन में सीधे तौर पर चेतावनी दी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति और अन्य अमेरिकी अधिकारियों की 'अचानक मौत' हो सकती है। अमेरिकी सीनेटर की मौत के बाद, 'हमशहरी' अखबार ने अपने पहले पन्ने पर एक तस्वीर भी छापी है। इस तस्वीर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लिंडसे ग्राहम की तस्वीर के पास घुटने पर बैठे हुए दिखाया गया। साथ ही इस तस्वीर में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य वरिष्ठ अमेरिकी व इजरायली अधिकारी भी थे। इस तस्वीर के ऊपर हेडलाइन थी, जिसमें लिखा था, 'अचानक मौत के लिए तैयार रहो'। इस बीच, ईरानी अखबार 'वतन-ए-एमरोज' ने 13 जुलाई को अपने पहले पन्ने पर ग्राहम की मौत की खबर छापी थी और हेडलाइन दी - 'मौत के सौदागर की मौत'।

## न्यूज एंकर ने ईरान को दी बधाई..

तेहरान की बयानबाजी को और बढ़ाते हुए, ईरान के सरकारी मीडिया के एक न्यूजरीडर ने ग्राहम की मौत में तेहरान की भूमिका की ओर इशारा करते हुए कहा: 'मैं ईरानी राष्ट्र को बधाई देता हूं कि युद्ध भड़काने वाले और ईरान-विरोधी अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम को नरक भेज दिया गया है।' इन मीडिया प्रसारणों ने डोनाल्ड ट्रंप के MAGA समर्थकों के बीच साजिश की थ्योरी को हवा दी है; कई लोगों ने ग्राहम की मौत की जांच की मांग करते हुए IRGC द्वारा उन्हें पहले दी गई जान से मारने की धमकियों का हवाला दिया।

## क्यों लिंडसे की मौत का जश्न मना रहा ईरान?

दरअसल, साउथ कैरोलिना के सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को लगातार सैन्य सहायता का समर्थन किया, गाजा संघर्ष के दौरान इजरायल का पुरजोर समर्थन किया और बार-बार तर्क दिया कि ईरान के मौजूदा नेतृत्व को सत्ता से हटा दिया जाना चाहिए।

उन्होंने यह सुझाव देकर भी विवाद खड़ा कर दिया था कि गाजा में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना इजरायल के लिए सही हो सकता है। इसके अलावा, 28 फरवरी को ईरान पर हुए हमलों के बाद, ग्राहम ने खुले तौर पर ईरानी सरकार को गिराने की मांग की थी।





# भारत ने लार्ड्स में ऐतिहासिक महिला क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड को 270 रन से हराया..

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

***ऑफ स्पिनर स्नेह राणा के चार विकेट की बदौलत भारत ने सोमवार को यहां प्रतिष्ठित लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए पहले महिला क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे और अंतिम दिन इंग्लैंड को 270 रन से हरा दिया।***



भारत को एकमात्र टेस्ट के अंतिम दिन जीत के लिए चार विकेट की दरकार थी और स्नेह (42 रन पर चार विकेट) की अगुआई में मेहमान टीम ने इंग्लैंड को 62.5 ओवर में 186 रन पर समेटकर मुकाबला अपने नाम किया। सयाली सतघरे (24 रन पर दो विकेट), दीप्ति शर्मा (36 रन पर दो विकेट) और क्रांति गौड़ (54 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऐमी जोन्स 80 गेंद में 54 रन बनाकर इंग्लैंड की ओर से शीर्ष स्कोरर रही जबकि अंतिम बल्लेबाज के दौरान पर आउट होने वाली सोफी एकलेस्टोन ने 50 रन की पारी खेली। इंग्लैंड ने अंतिम दिन की शुरुआत छह विकेट पर 130 रन से आगे खेलते हुए की और 90 मिनट से अधिक बल्लेबाजी की लेकिन आखिरकार भारतीय गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए। भारत ने मेजबान टीम के सामने 457 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था।

ऐमी अंतिम दिन आउट होने वाली पहली बल्लेबाज रहीं। उन्हें स्नेह ने मिडविकेट पर शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया। क्रांति की गेंद पर दो जीवनदान पाने वाली एकलेस्टोन ने इजी वोंग (33 गेंद में एक रन) के साथ मिलकर भारत के जीत के इंतजार को बढ़ाया लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सकीं। दीप्ति ने वोंग और लॉरेन बेल (00) को बोल्ड करके भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचाया।

स्नेह ने इसके बाद एकलेस्टोन को बोल्ड करके भारत की जीत सुनिश्चित की जिसके बाद मैदान पर और भारतीय ड्रेसिंग रूम में जश्न शुरू हो गया। भारत पिछले टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में नाकाम रहा था जबकि इंग्लैंड को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा था। लॉर्ड्स में पुरुषों का पहला टेस्ट मैच होने के 142 साल बाद महिला टेस्ट मैच हो रहा था इसलिए इस ऐतिहासिक मैच में दोनों टीम के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा था। भारत की जीत की नींव स्मृति मंधाना और तीसरे दिन यादगार शतक जड़ने वाली यस्तिका भाटिया ने रखी। क्रांति गौड़ ने पहली पारी में पांच विकेट लेकर भारत को महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई और लॉर्ड्स के 'ऑनर बोर्ड' पर अपना नाम दर्ज कराया। भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड की बल्लेबाजों की तुलना में पिच से बेहतर सामंजस्य बैठाया।

पिच से तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी जबकि तीसरे दिन कुछ गेंद नीची भी रह रहीं थीं। तेज गेंदबाजों क्रांति और सतघरे ने विपक्षी गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन किया और पिच की ढलान का सही इस्तेमाल करते हुए काफी मूवमेंट हासिल किया। ऑफ स्पिनर स्नेह भी तेज गेंदबाजों द्वारा बनाए गए दबाव को बनाए रखने में कामयाब रहीं। इस बड़ी जीत के साथ भारत ने सबसे लंबे प्रारूप में इंग्लैंड के खिलाफ अपना शानदार रिकॉर्ड भी बरकरार रखा। दोनों टीम के बीच खेले गए 16 टेस्ट मैच में से भारत ने चार मैच जीते जबकि इंग्लैंड ने एक जीत हासिल की। अन्य 11 मैच ड्रॉ रहे। इंग्लैंड के हाथों भारत को एकमात्र हार 1995 में मिली थी। दिन का खेल शुरू होने से पहले भारतीय टीम को महान सचिन तेंदुलकर से प्रेरणादायक बातें सुनने को मिलीं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह भी तेंदुलकर के साथ स्टैंड से मैच देख रहे थे और बाद में उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाया। यह इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ियों टैमी ब्यूमोंट और पूर्व कप्तान हीथर नाइट का विदाई मैच भी था।

# 'हर्षद के साथ नहीं दिखनी चाहिए', शिल्पा शिंदे ने सुनाया फरमान, रो पड़ीं शिवांगी जोशी, एक्टर के भी निकले आंसू..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***'लॉकअप 2' में शिवांगी जोशी और हर्षद चोपड़ा अक्सर एक-दूसरे के साथ-साथ नजर आते हैं। लंबे समय से दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चा है***



और अब रियेलिटी शो में दोनों की एंट्री के बाद ये चर्चाएं और भी तेज हो गई हैं। कई का जहां मानना है कि दोनों एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में हैं तो वहीं कई का कहना है कि दोनों सिर्फ एक्टिंग कर रहे हैं। शिवांगी जोशी और हर्षद चोपड़ा ने 'बड़े अच्छे लगते हैं' में साथ काम किया था और इस दौरान दोनों ने अपनी केमिस्ट्री से लोगों का दिल जीता। अब रियलिटी शो 'लॉकअपः सच या सजा' में भी दोनों के खूब चर्चे हो रहे हैं। हालांकि दोनों हमेशा एक-दूसरे को अपना दोस्त बताते हैं, लेकिन हाल ही में एक घटना ने फैंस के मन में इनके रिश्ते को लेकर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं और लोग ये जानना चाहते हैं कि आखिर ये दोस्त हैं या दोस्त से बढ़कर।

## 'लॉकअप 2' में रोईं शिवांगी जोशी..

'लॉकअप' सीजन 2 के हालिया एपिसोड में एक बड़ा ट्विस्ट देखने को मिला। लेटेस्ट एपिसोड के दौरान रितेश देशमुख ने कंटेस्टेंट्स के सेलमेट्स बदल दिए। इसी बदलाव के साथ सेलमेट्स को एक 'कंट्रोलर' और एक 'डिपेंडेंट' चुनने को भी कहा गया। शिवांगी जोशी की जोड़ी शिल्पा शिंदे के साथ बनी, जिनमें से शिल्पा कंट्रोलर बनीं और शिवांगी जोशी डिपेंडेंट। कंट्रोलर बनते ही शिल्पा ने शिवांगी को हर्षद चोपड़ा के साथ उठने-बैठने और बात करने से मना कर दिया और इस निर्देश से शिवांगी बेहद भावुक हो गईं।

## हर्षद चोपड़ा भी हुए भावुक..

शिल्पा ने कंट्रोलर बनते ही शिवांगी से कहा- 'मैं चाहती हूं कि आप हर्षद से बातचीत कम कर दें। मैंने सिर्फ कम करने को कहा है, पूरी तरह खत्म करने को नहीं।

मैं आपको हर्षद के साथ बैठे नहीं देखना चाहती।' ये सुनते ही शिवांगी कहती हैं- 'ये तो बातचीत को पूरी तरह रोकने जैसा है।' इसके बाद शिवांगी, हर्षद को इसके बारे में बताती हैं। इस पर हर्षद उन्हें समझाने की कोशिश करते हैं

और कहते हैं कि वह रोएं नहीं, बात करने की मनाही नहीं है, बैठने की मनाही है। शिवांगी बताती हैं कि बात करने की भी अनुमति नहीं है। हर्षद ने शिवांगी को शांत रहने के लिए कहा, लेकिन खुद भावुक हो गए।

## राम कपूर के गले लग कर रोए हर्षद चोपड़ा..

शिवांगी जोशी और हर्षद चोपड़ा का हाल देखने के बाद राम कपूर उन्हें समझाने की कोशिश करते हैं। राम कपूर, हर्षद से कहते हैं कि, 'तुम्हें शिवांगी की ताकत बनना है। ये मत करो, रोओ मत।' इस पर हर्षद कहते हैं कि वह ठीक हैं। लेकिन, इसी बीच वह भी भावुक होकर रोने लगते हैं। अब हर्षद और शिवांगी का ये हाल देखने के बाद नेटेजंस भी खुद को इस पर रिएक्ट करने से नहीं रोक पा रहे हैं।

किसी ने दावा किया कि हर्षद और शिवांगी रिलेशनशिप में हैं और इसे दुनिया से छुपाने की कोशिश कर रहे हैं तो कई ने दावा किया दोनों सिर्फशो के लिए दिखावा कर रहे हैं।

# यानिक सिनर ने लगातार दूसरी बार जीता विंबलडन का खिताब, ज्वेरेव को हराकर पांचवां ग्रैंड स्लैम किया अपने नाम..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने लगातार दूसरी बार विंबलडन का खिताब जीत लिया है। 12 जुलाई को खेले गए फाइनल मुकाबले में उन्होंने जर्मनी के खिलाड़ी***



अलेक्जेंडर ज्वेरेव को एक हाई वोल्टेज मैच में हरा दिया। इस शानदार जीत के साथ ही सिनर ने अपने करियर की पांचवीं ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। इस जीत के साथ ही सिनर ने ज्वेरेव को लगातार 10वीं बार हराया है। इसके अलावा, वह टेनिस के इतिहास में लगातार दो बार विंबलडन का खिताब जीतने वाले 10वें खिलाड़ी बन गए हैं।

## पहले दो सेट में दोनों प्लेयर्स ने किया जबरदस्त प्रदर्शन..

फाइनल मैच का पहला सेट बहुत ही रोमांचक रहा। दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, जिससे मैच टाईब्रेक में पहुंच गया। इस दौरान ज्वेरेव ने एक जोरदार फोरहैंड विनर शॉट मारकर पहला सेट अपने नाम कर लिया। यह पॉइंट जीतते ही उन्होंने बहुत ही जोश के साथ अपनी खुशी मनाई। दूसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों ने कुछ बेहतरीन शॉट्स खेले। लेकिन सेट के आखिरी समय में ज्वेरेव थोड़े हताश दिखने लगे। सिनर ने इसी बात का फायदा उठाया और टाईब्रेक में बढ़त बनाते हुए दूसरा सेट जीत लिया। इस तरह मैच एक-एक सेट की बराबरी पर आ गया।

## मैच के बीच में चोटिल हो गए थे ज्वेरेव..

ढाई घंटे से भी ज्यादा चले इस मैच के तीसरे सेट में ज्वेरेव को पहली बार बढ़त बनाने का मौका मिला। लेकिन इसी दौरान सिनर के एक ड्रॉप शॉट को रोकने के चक्कर में वह फिसलकर कोर्ट पर गिर गए। ज्वेरेव अपने दाहिने घुटने को पकड़कर दर्द से कराहने लगे, जिसे देखकर स्टेडियम में मौजूद सभी फैंस की सांसें अटक गईं। इसके बाद भी ज्वेरेव ने पट्टी बंधवाने के बाद खेलना जारी रखा। लेकिन अगले ही गेम में सिनर ने उनका सर्विस गेम जीत लिया और 5-3 से आगे हो गए। इस बात से हताश होकर ज्वेरेव ने गुस्से में अपना रैकेट कोर्ट पर ही पटक दिया। फिर सिनर ने यह तीसरा सेट भी अपने नाम कर लिया और मैच में 2-1 की बढ़त बना ली।


## आखिरी सेट को सिनर ने एकतरफा अंदाज में किया अपने नाम..

चौथे सेट में भी सिनर ने ज्वेरेव का सर्विस गेम जीतकर 4-3 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने ज्वेरेव को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और बेहतरीन खेल दिखाते हुए मैच जीत लिया। अपनी जीत पक्की होते ही 24 साल के सिनर खुशी के मारे कोर्ट की घास पर लेट गए और लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बनने का जश्न मनाया। इससे पहले 11 जुलाई को विंबलडन 2026 में महिला सिंगल्स का फाइनल मुकाबला खेला गया था, जिसे लिंडा नोस्कोवा ने अपने नाम किया।

# सुबह की पहली किरण की तरह सुरभि ज्योति के घर आई नन्ही परी, एक्ट्रेस ने बेटी का रखा 'कुबूल है' से जुड़ा खूबसूरत नाम..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***टीवी सीरियल 'कुबूल है' में जोया फारूकी का आइकॉनिक किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुईं एक्ट्रेस सुरभि ज्योति और उनके पति सुमित सूरी इन दिनों माता-पिता बनने की बेहद खूबसूरत खुशी का आनंद ले रहे हैं।***



उनकी लाडली बेटी के जन्म को एक महीना पूरा हो चुका है। इस खास मौके पर कपल ने सोशल मीडिया पर एक बेहद ही प्यारा पोस्ट साझा करके अपनी नन्हीं परी के नाम का एलान किया है, जिसने उनके फैंस को बेहद खुश कर दिया है। सुरभि और सुमित ने अपनी बेटी का नाम 'सहर' रखा है।

बेटी के एक महीने के होने के इस जश्न को मनाते हुए कपल ने सोशल मीडिया पर अपनी नन्ही खुशी की प्यारी तस्वीरें और एक दिल छू लेने वाला संदेश शेयर किया है।

## सुरभि ज्योति का इमोशनल पोस्ट..

सुरभि ज्योति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बेटी की तस्वीरों के साथ एक बेहद खूबसूरत कैप्शन लिखा। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'ॐ ॥ सहर 7 स्द्धद्दह्ल सुबह की पहली किरण की तरह, तुम आईं और सब कुछ और भी चमकदार बना दिया। एक महीने की शुभकामनाएं।' सुरभि के इस पोस्ट को साझा करते ही उनके फैंस, करीबी दोस्तों और टीवी इंडस्ट्री के सितारों ने कमेंट सेक्शन में नन्ही सहर पर जमकर प्यार और दुआएं बरसाना शुरू कर दिया है।

## क्यों सुरभि ज्योति के लिए बेहद खास है 'सहर' नाम?

सीरियल 'कुबूल है' के फैंस के लिए सुरभि की बेटी का नाम 'सहर' होना बेहद भावुक और गहरा महत्व रखता है।

दरअसल यह नाम इस सुपरहिट शो के दूसरे हिस्से में सुरभि ज्योति द्वारा निभाए गए किरदारों में से एक का नाम था। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि सुरभि ने शुरुआत में इस जी टीवी ड्रामा में करण सिंह ग्रोवर (असद अहमद खान) के अपोजिट जोया फारूकी की मुख्य भूमिका निभाई थी। बाद में करण के शो छोड़ने पर राकेश बापट ने यह रोल संभाला था। शो के पहले सीजन का अंत मुख्य किरदारों की मौत के साथ हुआ था। इसके बाद शो में आए लीप के बाद सुरभि ने असद और जोया की जुड़वां बेटियों 'सहर अहमद खान' और 'सनम रजा इब्राहिम' का डबल रोल निभाया था।

## अक्टूबर 2024 में की थी शादी..

ऐसा लगता है कि सुरभि के दिल में 'सहर' का किरदार हमेशा से एक बेहद खास जगह रखता था। यही वजह है कि शो खत्म होने के सालों बाद जब उनके घर बेटी ने जन्म लिया तो उन्होंने उसे वही नाम देने का फैसला किया। सुरभि ज्योति ने अक्टूबर 2024 में जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में एक निजी समारोह में अपने लॉन्ग-टर्म बॉयफ्रेंड सुमित सूरी संग सात फेरे लिए थे। इसके बाद 13 जून 2026 को इस जोड़े ने अपनी बेटी 'सहर' का दुनिया में स्वागत किया। टीवी जगत की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में शुमार सुरभि 'कुबूल है' के अलावा 'नागिन 3', 'कोई लौट के आया है' और 'इश्कबाज़' जैसे कई सुपरहिट सीरियल्स के साथ-साथ कई म्यूजिक वीडियोज और वेब प्रोजेक्ट्स का भी हिस्सा रह चुकी हैं।

# भारतीय पैरा तैराक तेजस नंदकुमार वर्गीकरण विवाद के चलते राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर...

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**



ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय दल में शामिल किए गए पैरा तैराक तेजस नंदकुमार खिलाड़ियों के वर्गीकरण (क्लासिफिकेशन) से जुड़े विवाद के कारण प्रविष्टि निरस्त होने से 23 जुलाई से शुरू होने वाले इस बहु-खेल आयोजन में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

बीस वर्षीय नंदकुमार का नाम केंद्र सरकार द्वारा पिछले सप्ताह जारी भारतीय दल की सूची में शामिल था। उन्हें ग्लास्गो में पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल एस-7 स्पर्धा में उतरना था और प्रारंभिक स्तर पर आयोजकों ने उनकी प्रविष्टि स्वीकार भी कर ली थी।

पैरा तैराकी में एस-7 वर्ग उन खिलाड़ियों के लिए निर्धारित है, जिनकी भुजाओं और धड़ का उपयोग सामान्य होता है, लेकिन पैरों की कार्यक्षमता सीमित होती है, दोनों पैरों का कुछ हिस्सा अनुपस्थित होता है अथवा चारों अंगों की गति प्रभावित होती है। नंदकुमार जन्मजात पैर संबंधी विकार से पीड़ित हैं और वर्ष 2023 के पैरा एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। स्थानीय आयोजन समिति ने नौ जुलाई को भेजे गए एक पत्र में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को सूचित किया कि 23 जून के बाद अंतरराष्ट्रीय महासंघ (आईएफ) की सत्यापन प्रक्रिया के उपरांत नंदकुमार अब प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र नहीं हैं।

ग्लास्गो 2026 की खेल प्रविष्टि एवं सूचना समन्वयक (ओशिनिया एवं एशिया) जॉर्जिया लैम्बर्ट ने पत्र में लिखा, 'आईएफ की सत्यापन प्रक्रिया (23 जून के बाद) के पश्चात खिलाड़ी (तेजस नंदकुमार) को ग्लास्गो 2026 की पैरा तैराकी प्रतियोगिता में राष्ट्रमंडल खेल संघ का प्रतिनिधित्व करने के लिए अयोग्य पाया गया है।'

पत्र के मुताबिक, 'खिलाड़ी के पास खेल प्रविष्टियों की अंतिम तिथि 23 जून तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुष्ट खेल वर्गीकरण दर्जा या वर्ष 2027 अथवा उसके बाद की निर्धारित समीक्षा तिथि वाला वर्गीकरण होना अनिवार्य था। चूंकि तेजस का वर्गीकरण दर्जा आर-2025 है, इसलिए वह प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र नहीं हैं।'

पैरा खेलों में वर्गीकरण प्रणाली यह तय करती है कि कौन-सा खिलाड़ी किसी स्पर्धा में भाग लेने का पात्र है और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए उसे किस वर्ग में रखा जाएगा।

यह प्रक्रिया संबंधित खेल के चिकित्सा एवं तकनीकी विशेषज्ञों के पैनल द्वारा पूरी की जाती है। सामान्यतः प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों का मूल्यांकन कर उन्हें संबंधित वर्ग प्रदान किया जाता है। खिलाड़ियों का वर्गीकरण हालांकि स्थायी नहीं होता। जिन खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति समय के साथ बदल सकती है, उनके वर्गीकरण की समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

दिव्यांगता की प्रकृति और उसकी गंभीरता के आधार पर किसी खिलाड़ी का करियर के दौरान कई बार पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है। विशेष रूप से जूनियर खिलाड़ियों या समय के साथ बदलने वाली शारीरिक स्थितियों वाले खिलाड़ियों के मामले में विशेषज्ञ अगली प्रतियोगिता या निर्धारित अवधि में दोबारा समीक्षा का निर्णय ले सकते हैं।

# दिग्गज संगीतकार प्यारेलाल की पत्नी सुनीला शर्मा का निधन, 78 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, दर्द में परिवार..

**डेस्क जगप्रेरणा।**



भारतीय सिनेमा के दिग्गज और सदाबहार संगीतकार प्यारेलाल की पत्नी सुनीला प्यारेलाल शर्मा का 12 जुलाई 2026 को निधन हो गया है। उन्होंने 78 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कहा।

इस दुखद खबर की जानकारी परिवार की ओर से जारी एक भावुक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी गई, जिसमें बताया गया कि उन्होंने अपने परिवार की मौजूदगी में शांति से अंतिम सांस ली। बॉलीवुड गायिका प्रियंका मित्रा ने परिवार का यह आधिकारिक बयान सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिसके बाद से फिल्म और संगीत जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

## परिवार ने दी भावुक श्रद्धांजलि..

परिवार द्वारा साझा किए गए शोक संदेश में सुनीला शर्मा को उनके शालीन व्यवहार, करुणा और निस्वार्थ प्रेम के लिए याद किया गया। इसके साथ ही मुश्किल घड़ी में साथ देने वाले सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया गया है। बयान में लिखा गया, 'अत्यंत दुखी मन और असीम प्रेम के साथ हम अपनी प्यारी 'अम्मा' सुनीला प्यारेलाल शर्मा के निधन की सूचना दे रहे हैं, जिन्होंने 12 जुलाई 2026 को अपने परिवार के बीच रहते हुए स्वर्गलोक के लिए प्रस्थान किया। अम्मा का जीवन गरिमा, भक्ति और शांत इच्छाशक्ति की मिसाल था, वे उन सभी के लिए बिना किसी शर्त के प्यार का स्तंभ थीं जो उन्हें जानते थे। भले ही आज हमारे दिल भारी हैं, लेकिन हमें इस बात का संतोष है कि वे अब परम शांति में हैं।' इस संदेश के अंत में शर्मा, नथानी, सिरुर और हलदीपुर परिवार ने सभी की प्रार्थनाओं के लिए आभार जताया है।

## मुंबई में संपन्न होगा अंतिम संस्कार..

सुनीला शर्मा के अंतिम संस्कार को लेकर भी परिवार ने जानकारी साझा की है। उनका अंतिम संस्कार आज यानी 13 जुलाई को मुंबई के सांताक्रुज स्थित दत्तात्रय रोड श्मशान घाट में किया जाएगा। इस दुखद घड़ी में प्यारेलाल और उनके परिवार को सांत्वना देने और सुनीला जी को अंतिम विदाई देने के लिए फिल्म इंडस्ट्री के कई दिग्गज कलाकारों, गायकों और रिश्तेदारों के मुंबई पहुंचने की उम्मीद है।

## लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने रचा था संगीत का सुनहरा इतिहास..

प्यारेलाल शर्मा भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे सम्मानित और चहेते संगीतकारों में से एक हैं। उन्होंने दिवंगत लक्ष्मीकांत शांताराम कुडालकर के साथ मिलकर 'लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल' की ऐतिहासिक जोड़ी बनाई थी, जिसने कई दशकों तक हिंदी सिनेमा के संगीत पर राज किया। इस जोड़ी ने बॉलीवुड को कई ऐसी कालजयी धुनें

और सदाबहार गाने दिए जो आज भी लोगों की जुबान पर रहते हैं। उनके संगीत से सजी आइकॉनिक फिल्मों की लिस्ट में 'बॉबी', 'कर्ज', 'अमर अकबर एंथनी', 'सत्यम शिवम सुंदरम', 'हीरो', 'मिस्टर इंडिया', 'राम लखन', 'तेजाब', 'एक दूजे के लिए' और 'उत्सव' जैसी सैकड़ों सुपरहिट फिल्में शामिल हैं।

**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433





जग प्रेरणा


# साहित्य अभिव्यक्ति






दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## डब्ल्यूएचओ-आईएआरसी ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन कैंसर 2026- दुनियाँ कैंसर सुनामी 2050 की चेतावनी से चिंतित ? क्या दुनियाँ और भारत इस वैश्विक स्वास्थ्य आपदा के लिए तैयार हैं? -समग्र व्यापक विश्लेषण

वैश्विक स्तरपर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएच ओ) और उसकी विशेषीकृत संस्था इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) द्वारा 8 जुलाई 2026 को जारी ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन कैंसर 2026 ने पूरी दुनियाँ के नीति-निर्माताओं,वैज्ञानिकों,चिकित्सकों और आम नागरिकों को गंभीर चेतावनी दी है। यह केवल एक स्वास्थ्य रिपोर्ट नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़े सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का दस्तावेज़ है।रिपोर्ट स्पष्ट संकेत देती है कि यदि वर्तमान जीवनशैली प्रदूषण,तंबाकू और शराब का बढ़ता सेवन,अस्वास्थ्यकर खानपान, शारीरिक निष्क्रियता तथा समय पर जांच और उपचार की कमी जारी रही,तो वर्ष 2050 तक दुनियाँ कैंसर की ऐसी लहर का सामना करेगी जिसे विशेषज्ञ ÷कैंसर तसुनामी÷ (कैंसर सुनामी) कह रहे हैं। यह सुनामी केवल अस्पतालों को नहीं,बल्कि अर्थव्यवस्था,परिवार, सामाजिक संरचना और मानव विकास को भी गहराई से प्रभावित करेगी।रिपोर्ट के अनुसार आज दुनिया में हर पाँच में से एक व्यक्ति अपने जीवनकाल में किसी न किसी प्रकार के कैंसर का सामना कर सकता है। पुरुषों में लगभग हर नौ में से एक तथा महिलाओं में लगभग हर बारह में से एक व्यक्ति की कैंसर से मृत्यु होने काजोखिम है।यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रही तो वर्ष 2050 तक दुनियाँ में नए कैंसर मामलों की संख्या लगभग 3.5 करोड़ प्रतिवर्ष तक पहुँच सकती है, जो वर्तमान स्तर की तुलना में लगभग दोगुनी होगी।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि यदि रिपोर्ट की आशंका सही निकली तो इसका अर्थ है कि आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य प्रणालियों पर अभूतपूर्व दबाव पड़ेगा,उपचार की लागत कई गुना बढ़ेगी और लाखों परिवार आर्थिक रूप से टूट सकते हैं।रिपोर्ट यह भी बताती है कि कैंसर केवल चिकित्सा विज्ञान की चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक असमानता का भी दर्पण है। उच्च आय वाले देशों में आधुनिक जांच, अत्याधुनिक उपचार, कैंसर स्क्रीनिंग और बीमा सुविधाओं के कारण रोगियों के बचने की संभावना अधिक हैजबकि निम्न और मध्यम आय वाले देशों में देर से पहचान, विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी, महंगी दवाएँ, रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी तक सीमित पहुँच तथा आर्थिक असमानताओं के कारण मृत्यु दर कहीं अधिक है। यही कारण है कि वैज्ञानिक इसे केवल स्वास्थ्य संकट नहीं बल्कि स्वास्थ्य न्याय का भी प्रश्न मान रहे हैं।

साथियों बात अगर हम भारत के संदर्भ में रिपोर्ट की चेतावनी को समझने की करें तो यह और भी महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ-आईएआरसी के अनुमानों के अनुसार भारत में हर 10 में से लगभग 1 व्यक्ति को 75 वर्ष की आयु से पहले कैंसर होने का जोखिम है। इसके साथ ही लगभग हर 100 में से 7 व्यक्तियों की 75 वर्ष की आयु से पहले कैंसर से मृत्यु होने की आशंका व्यक्त की गई है। यदि मौजूदा रुझान जारी रहे तो अगले 25 वर्षों में भारत में हर वर्ष सामने आने वाले कैंसर मरीजों की संख्या लगभग दोगुनी हो सकती है। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य मंत्रालय ही नहीं बल्कि पूरे शासन तंत्र,उद्योग, शिक्षा, पर्यावरण कृषि और समाज के लिए गंभीर चेतावनी है।

साथियों विशेषज्ञों का मानना है कि कैंसर के बढ़ते मामलों के पीछे कई कारण एक साथ काम कर रहे हैं। बदलती जीवनशैली, फास्ट फूड और अत्यधिक प्रोसेस्ड भोजन का बढ़ता उपयोग,मोटापा,शारीरिक गतिविधियों में कमी,धूम्रपान और तंबाकू सेवन,शराब का बढ़ताचलन वायु प्रदूषण,जल और मिट्टी में रासायनिक प्रदूषण औद्योगिक रसायनों का संपर्क, संक्रमण, मानसिक तनाव, अनियमित दिनचर्या तथा बढ़ती आयु ये सभी मिलकर कैंसर के खतरे को बढ़ा रहे हैं। साथ ही बेहतर जांच तकनीकों और अधिक स्क्रीनिंग के कारण भी अब पहले की तुलना में अधिक मामलों का पता चल रहा है।ग्लोबकान के नवीनतम अनुमानों के अनुसार भारत में स्तन कैंसर, मुख कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर तेजी से बढ़ रहे हैं। पुरुषों में तंबाकू से जुड़े कैंसर विशेष रूप से अधिक हैं, जबकि महिलाओं में स्तन और सर्वाइकल कैंसर सबसे बड़ी चुनौती बने हुए हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच जागरूकता तथा उपचार की उपलब्धता में भी सटीकता से बड़ा अंतर दिखाई देता है।

साथियों, रिपोर्ट की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लगभग 40 प्रतिशत कैंसर मामलों को रोका जा सकता है। इसका अर्थ है कि यदि समाज जीवनशैली में सुधार करे, तंबाकू और शराब के सेवन में कमी लाए, संतुलित भोजन अपनाए, नियमित व्यायाम करे, मोटापे पर नियंत्रण रखे, प्रदूषण कम किया जाए,हेपेटाइटिस-बी और एचपीवी जैसे टीकाकरण कार्यक्रम मजबूत हों तथा समय पर स्क्रीनिंग और जांच कराई जाए, तो लाखों लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। अर्थात कैंसर पूरी तरह भाग्य का खेल नहीं है; इसका बड़ा हिस्सा रोकथाम योग्य है।रिपोर्ट समयपूर्व मृत्यु को भी गंभीर चिंता का विषय बताती है। कैंसर अब केवल वृद्धावस्था की बीमारी नहीं रह गया है। कई देशों में कम आयु के लोगों में भी कैंसर के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।इससेकार्यशील आयु वर्ग प्रभावित होता है, उत्पादकता घटती है, परिवारों की आय कम होती है और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ता है।कैंसर के कारण होने वाली प्रत्यक्ष चिकित्सा लागत के साथ-साथ अप्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान जैसे रोजगार का नुकसान, देखभाल का खर्च और उत्पादक श्रम-घंटों की हानि वैश्विक अर्थव्यवस्था को खरबों डॉलर का नुकसान पहुँचा सकते हैं।

साथियों, रिपोर्ट यह भी स्वीकार करती है कि वैज्ञानिक प्रगति तेज़ी से हुई है।आधुनिक इम्यूनोथेरेपी, लक्षित उपचार जीन आधारित चिकित्सा,कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निदान तथा प्रिसिजन मेडिसिन जैसी तकनीकों ने कैंसर उपचार में नई संभावनाएँ पैदा की हैं। लेकिन इन प्रगतियों का लाभ अभी भी दुनिया की बहुत बड़ी आबादी तक समान रूप से नहीं पहुँच पा रहा है।यही असमानता वैश्विक स्वास्थ्य नीति की सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है। रिपोर्ट भविष्य के लिए तीन प्रमुख रणनीतिक परिवर्तन सुझाती है,बेहतर क्षमताएँ, बेहतर सुरक्षा, और बेहतर मूल्य। इनका उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणालियों को अधिक सक्षम बनाना, रोकथाम और प्रारंभिक पहचान को मजबूत करना, गुणवत्तापूर्ण उपचार सबके लिए सुलभ बनाना तथा सीमित संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना है। इसके साथ सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, स्वास्थ्य संस्थानों और नागरिक समाज के लिए सात प्रमुख सिफारिशें भी दी गई हैं, जिनमें सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज, मजबूत कैंसर रजिस्ट्रियाँ, अनुसंधान, प्रशिक्षित मानव संसाधन, जन-जागरूकता, समान उपचार उपलब्धता और प्रभावित समुदायों की सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया गया है।

साथियों,भारत के लिए यह रिपोर्ट एक अवसर भी है। आयुष्मान भारत,स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र,राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम,डिजिटल स्वास्थ्य मिशन, एचपीवी टीकाकरण,तंबाकू नियंत्रण अभियान, स्क्रीनिंग कार्यक्रम और कैंसर उपचार सुविधाओं का विस्तार यदि तेज़ गति से लागू किया जाए, तो आने वाले वर्षों में लाखों लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। साथ ही स्कूल स्तर से स्वास्थ्य शिक्षा, स्वच्छ पर्यावरण,पौष्टिक भोजन,नियमित व्यायाम और नशामुक्त जीवनशैली को राष्ट्रीय जनआंदोलन बनाना समय की आवश्यकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि यह रिपोर्ट पूरी मानवता के लिए स्पष्ट संदेश देती है कि कैंसर का भविष्य पहले से तय नहीं है।यदि सरकारें,वैज्ञानिक, चिकित्सक उद्योग,नागरिक समाज और प्रत्येक नागरिक मिलकर रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और समान उपचार की दिशा में कार्य करें, तो संभावित कैंसर सुनामी को काफी हद तक रोका जा सकता है। लेकिन यदि चेतावनियों को अनदेखा किया गया,तो 2050 तक कैंसर केवल एक बीमारी नहीं,बल्कि वैश्विक विकास, आर्थिक स्थिरता और सामाजिक कल्याण के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन जाएगा। अस्वीकरणः यह लेखसार्वजनिक जानकारी और जागरूकता के उद्देश्य से तैयार किया गया है। स्वास्थ्य संबंधी सलाह, जांच या उपचार के लिए योग्य चिकित्सक या कैंसर विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य लें,जानकारी में त्रुटियाँ संभव हैं।


रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया


## बरखा की रिमझिम फुहार..

बरखा की रिमझिम फुहार
सुधबुध बिसराय रही
तन मन भिगाय रही
अंग थिरके, ज्यों नदियाँ की धार
बरखा की रिमझिम फुहार।।

सतरंगी आभाएं
अंबर पर बिखरी हैं
हरीतिमा अवनि के
आंचल में निखरी हैं
महक उठी माटी की सौंधी सी गंध
मन कालीदास
अधीर लिखने को छंद
मेघों ने छेड़ी मल्हार
बरखा की रिमझिम फुहार।।

आंगन के पीपल
पर कोयल का गीत
बरखा की बूंदों
का छमछम संगीत
ऐसे में सिहरन से मनवा बेचैन
स्वाति प्रतीक्षारत चातक के नैन
जीवन भी लागे है भार
बरखा की रिमझिम फुहार।।

दूर कहीं चकाचौंध
चमकी बिजुरिया
तन घायल, मन
पागल कौन ले खबरिया
छत की मुंडेर
पर बोल गया कागा
पाहुन के आने का अंदेशा जागा
घर आंगन, देहरी त्योहार
बरखा की रिमझिम फुहार।।


रचनाकार



शशि तिवारी,
गोंदिया (महाराष्ट्र)


## जंतर मंतर में बैठे देश के लाल हैं..

जंतर मंतर में बैठे देश के लाल हैं,
नेता ना पूछ के कर रहे कमाल हैं।

हमें तो बस अपना धरम बचाना,
चाहे उनके बच्चें हो रहे बेहाल हैं।

अपना वैज्ञानिक है भूख हड़ताल में,
फिर भी उन्हें पूछे नहीं कैसे हाल हैं।

पेपर लीक हो या हो बेरोजगारी पर,
कहने से कतराते औ बिछाते जाल हैं।

देश नेताओं के कारनामों से बेहाल,
और ये चल रहे टेढ़ी-मेढ़ी चाल हैं।


अनिल कसेर 'उजाला'


## गडवाँस..

निगत जात गडवाँस में,
देखत जात चकौट।
जेइ गैल पेंला हती,
धूरा चडी बकौट।।

पथरा जे गडवाँस के,
बनें रहौ तुम नन्द।
बुरव बक्त जब जायगा,
करियौ फिर आनन्द।।

सजी बैलगाडी नुबी,
झुन झुन पैरें बैल।
दौर रये गडवाँस में,
भऔ झमाकौ फैल।।

टूट चका गडवाँस में,
गिरौ गिरा दइ शान।
कैसें कें अब पोंचबें,
घट गव सबकौ मान।।

बडी सोंक सें जात ते,
पगडण्डी गडवाँस।
अगर पोंच न पाय तौ,
करें गैल में बास।।



रामानन्द पाठक नन्द



**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 216



Åij ls uhps & 1) करसम्पुट 2) पुत्री 4) समतल 5) श्रीकृष्ण के एक भाई का नाम 6) अच्छा तैरनेवाला 8) रास्ता, मार्ग 9) वर्षा होना 10) अन्न का निवाला 11) महर्षी व्यास द्वारा लिखा गया एक महाकाव्य 13) शक्तिशाली, बलवान 14) पाप, गुनाह 17) गधे की बोली 19) पराया 20) जीवन यापन का स्तर या ढंग 22) एक भुभाग जिसके अन्तर्गत बहुत से गांव होते है 23) राजस्थान का वह शहर जहां सूर्यग्रहण देखने के लिए खगोलशास्त्री आते है 25) एक प्रसिद्ध गझल गायक 27) रोगी 29) अन्य, दूसरा 31) सूची 34) शांति 35) महीना 35अ) घृणा 38) खरगोश 41) बारह राशियों में एक 42) इस फिल्म अभिनेता और निर्माता की फिल्म 'विश्वरुपम्' के बारे में भारी बहस हुयी थी 44) ओस 45) फल, सुखाया हुआ फल 47) वास करना 48) अभाव का दुःख सहन करना 49) सज्जित करना 50) छोटा गद्दा 51) योगासनों में एक जिसमें सिर नीचे औ पांव ऊपर किये जाते है 52) पुरानी रीतियों पर आंख मूंदकर चलनेवाला 54) द्रव 55) गगनचर 57) गीला 58) भीतर से बाहर आना, पार होना 61) किसी शब्द आदि को बार-बार दोहराने की क्रिया 64) एक पुराना चलन 66) अंतर 67) राजस्थान के एक क्षेत्र का पूर्ववर्ती नाम जिसके नाम पर एक जाति का नाम भी है 69) किसी बड़ी दुर्घटना से बहुत थोड़े अंतर से बचना इस अर्थवाला एक मुहावरा 70) विश्व का सबसे बड़ी लांकसंख्यावाला देश 73) ईख 74) अटलांटिका और पैसिफिक महासागरों को जोड़नेवाली एक प्रसिद्ध नहर 75) मुखिया 76) कुल, सारा 77) ठिंगना 80) मशवरा, परामर्श 81) त्रुटि, बारीक गलतियां 82) निर्दयता, निष्ठुरता 83) अस्तबल 85) एक प्रसिद्ध बंगाली मिठाई 87) शैतानी, दुष्टता 90) कोई तरल पदार्थ 91) बेटी का पति 92) नष्ट, नाश 94) पतंगा, टिड्डी 95) परशुरामजी का अस्त्र 96) पत्र (उर्दू) 98) विविध 102) सम्मान 105) इटली की राजधानी 106) श्रद्धा, प्रेम (जबाब अगले अंक में)

ck;s ls nk;s & 1) समाप्ती, मृत्यु 3) परिवार नियोजन का एक तरीका जिसके लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहन दिया जाता है 7) समान 10) जाति 12) आणिबाणी के बाद निर्माण हुआ एक राजनीतिक दल 15) नाव के मस्तुल से लगाकर ताना हुआ कपड़ा 16) पाकिस्तान का एक प्रमुख शहर 18) प्रत्येक 19) अनुपस्थित 21) योग्यता 22) राजा की सबसे प्रिय रानी 24) कबुत्तर 26) युद्ध 28) भाग्य 30) मां का स्नेह 32) ऊंचा उड़नेवाला एक पक्षी 33) स्त्री 34) लालसा, अभिलाषा 35) मनुष्य 36) आकाश 37) कलंकित करना इस अर्थवाला एक मुहावरा 39) लोगों के विचार 40) यात्रा करना 42) कहानीकार 43) गरमी के दिनों में लगनेवाली तपी हुयी हवा 44) शतरंज में बादशाह को चेक करने को दी गयी चेतावनी 45) भेड़ का बच्चा 46) जय-पराजय 50) अमानत के तौर पर दूसरे द्वारा दिये गये धन का स्वयं के स्वार्थ के लिए इस्तेमाल करना 51) ठंड़ा 53) पुलिस दल का एक अधिकारी 56) दिल्ली का एक प्रमुख रेल स्थानक 59) ख्याति, यश 60) स्वीकार करना अर्थवाला एक मुहावरा 62) खिसकना, थोड़ा हटना 63) घमंड 65) यात्रा 67) संगीत का एक राग 68) जल्दी से, तुरंत 69) पहनावा 70) तेजी से भागनेवाला एक हिंस्त्र पशु 71) वह असूर जिसका वध श्रीकृष्ण के हाथों से हुआ था 72) शहर 74) समय का एक सुक्ष्म भाग, निमिष 75) बहुत पुराना, परंपरागत चला आया हुआ 77) धमनी 78) बलगम, शरीर के त्रिदोषों में से एक 79) लौआ, या लौटाया हुआ 81) अकबर बादशाह द्वारा चालू किया गया एक बाजार 82) पुत्र 84) पंक 86) शव, मृतदेह 88) प्राण और सम्पत्ती 89) कार्य का भार या सारी जिम्मेदारी 93) निर्लज्ज 95) झंड़े आदि को लहराना 97) काशी, वाराणसी 99) मासिक 100) एक रंग 101)चर्मकार 103) विष्णु पत्नी 104) छीलना 106) पुरुष, पति 107) अच्छाई, नेकी, सज्जनता 108) दुर्गंध 109) बंदी, निषेध 110) दशा, आयु 111) मुसलमानों का त्यौहार

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | न | गि | न | त | | स | न | स | ना | ह | ट | | मे | ह | र | बा | न | | दे | व |
| क | म | रा | | क | स | म | | रा | म | ज | न | म | | ठी | | रा | व | ण | | ड़ |
| ल | | ना | ज | | मी | र | जा | फ | र | | ट | ल | ना | | क | म | ल | | ला | वा |
| मं | दी | | मा | सि | क | | ली | | ख | दा | न | | ता | रा | म | ती | | सु | म | न |
| द | वा | ई | | त | र | फ | | त | ना | व | | ज | | शि | ला | | अ | स्त | | ल |
| | र | मा | र | म | ण | | ह | ल | | त | क | ली | फ | | क | लं | क | | ज | |
| श | | न | | ग | | क | र | त | ल | | त | ल | ब | गा | र | | ब | क | वा | स |
| व | श | | ग | र | ज | मं | द | | गा | ग | र | | ना | ल | | क | र | | ह | रा |
| द | र | गा | ह | | | ड | म | ड | म | | न | फा | | व | जी | र | | त | र | स |
| ह | द | | ना | रि | य | ल | | र | | दि | | ल | घु | | त | क | रा | र | | र |
| न | | फ | | या | म | | आ | ना | | न | र | के | स | री | | म | ह | क | ना | |
| | ब | स | | ज | न | वा | द | | प्र | | श्मि | | ना | मा | कू | ल | | श | प | थ |
| त | ह | ल | का | | | त | र | फ | दा | री | | तो | | ला | ल | | लि | | ना | का |
| स | न | | म | ह | ल | | स | रा | य | | द्वा | | अं | गू | र | खा | ट्टे | हैं | | व |
| बी | | नी | रो | | च | म | त्का | र | | बे | प | र | दा | | | ब | | | जा | ट |
| र | वि | | को | र | क | स | र | | ह | स | र | त | ज | य | पु | री | | म | ति | |

anumeya-08446302691





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 प्रतिशत पर



नई दिल्ली, (भाषा)।

***खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से देश में खुदरा मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 4.38 प्रतिशत हो गई जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चार प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। मई में यह 3.93 प्रतिशत रही थी।***

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफसे सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जून महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 5.32 प्रतिशत हो गई, जबकि मई में यह 4.78 प्रतिशत थी।

नए आधार वर्ष 2024 वाली श्रृंखला के तहत खुदरा मुद्रास्फीति पहली बार चार प्रतिशत के स्तर के पार गई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जून में सबसे अधिक महंगाई चांदी, सोना, हीरा एवं प्लैटिनम के आभूषण, अदरक, टमाटर और किशमिश एवं मुनक्का की कीमतों में दर्ज की गई।

दूसरी तरफ आलू, मटर, कार एवं जीप, जीरा तथा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर जैसी वस्तुओं में अपेक्षाकृत कम महंगाई रही। पिछले महीने राष्ट्रीय स्तर पर मुद्रास्फीति 4.38 प्रतिशत रही जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.74 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 3.92 प्रतिशत रही।

एनएसओ के आंकड़े से पता चलता है कि राज्यों में तेलंगाना में सबसे अधिक 6.36 प्रतिशत और मिजोरम में सबसे कम 1.63 प्रतिशत महंगाई दर्ज की गई। सरकार ने आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर बनाए रखने का लक्ष्य दिया हुआ है, जिसमें दो प्रतिशत की घट-बढ़ संभव है। केंद्रीय बैंक ने जून में हुई पिछली मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया था, लेकिन 2026-27 के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया था।

मुद्रास्फीति के इन आंकड़ों पर इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च की निदेशक मेघा अरोड़ा ने कहा कि जुलाई में मुख्य महंगाई दर और भी बढ़कर 4.9 प्रतिशत तक जा सकती है। हालांकि, यह आरबीआई की ऊपरी संतोषजनक सीमा छह प्रतिशत के भीतर ही रहेगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव और अल नीनो जैसी प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियां महंगाई के लिए जोखिम बनी हुई हैं।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने अपनी टिप्पणी में कहा कि जनवरी, 2025 के बाद पहली बार खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के ऊपर गई है।

उन्होंने खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों घटकों के कारण मुद्रास्फीति बढ़ी है और आने वाले महीनों में यह और बढ़ सकती है। उन्होंने चालू वित्त वर्ष के लिए औसत मुद्रास्फीति 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया।

इक्रा रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पेट्रोल एवं डीजल की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी का असर जून के आंकड़ों में दिखा है। उन्होंने मौद्रिक नीति समिति की अगस्त बैठक में नीतिगत दरों में स्थिरता की संभावना जताते हुए कहा कि कच्चे तेल की कीमतें, मानसून और वैश्विक हालात आगे की दिशा तय करेंगे। एनएसओ मुद्रास्फीति की गणना के लिए देशभर के 1,407 शहरी बाजारों और 1,465 गांवों से कीमत संबंधी आंकड़े एकत्र करता है।

## आदित्य बिड़ला समूह की इकाई 1.8 अरब डॉलर में स्प्रिंग एनर्जी को खरीदेगी



नई दिल्ली, (भाषा)।

***आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज की इकाई आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एबीआरईएन) ने करीब 1.8 अरब डॉलर (लगभग 17,200 करोड़ रुपये) में शेल ओवरसीज इन्वेस्टमेंट बी वी से स्प्रिंग एनर्जी के अधिग्रहण पर सहमति जताई है।***

इस सौदे से देश के सबसे बड़े एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मंचों में से एक के गठन की राह खुलेगी। आदित्य बिड़ला समूह ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस अधिग्रहण से एबीआरईएन की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़कर करीब 9.3 गीगावाट-पीक (जीडब्ल्यूपी) हो जाएगी। इसमें लगभग 3.3 जीडब्ल्यूपी की चालू परियोजनाएं और 1.7 जीडब्ल्यूपी निर्माणाधीन परियोजनाएं शामिल हैं।

सौदे के तहत शेल ओवरसीज को दी जाने वाली इक्विटी राशि का निर्धारण कर्ज, नकदी और अन्य मदों के समायोजन के बाद किया जाएगा।

बयान के मुताबिक, इस अधिग्रहण के लिए वित्तपोषण ग्रासिम इंडस्ट्रीज और ब्लैकरॉक के संचालन वाले ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स द्वारा प्रबंधित कोषों से कर्ज एवं इक्विटी के मिश्रण से किया जाएगा। यह सौदा एबीआरईएन के वाणिज्यिक एवं औद्योगिक (सी एंड आई) नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार को स्प्रिंग एनर्जी के उपयोगिता-स्तर के पोर्टफोलियो के साथ जोड़ेगा। आवश्यक नियामकीय मंजूरियों और अन्य औपचारिकताओं के अधीन इसके 2026 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।

आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, ''समूह ने लंबे समय में वैश्विक स्तर के कारोबार खड़े किए हैं और भारत के ऊर्जा बदलाव को भी उसी दृष्टिकोण से देखता है। यह सौदा देश के ऊर्जा भविष्य को मजबूत करने और आर्थिक वृद्धि की नींव तैयार करने में मददगार होगा।''

समूह के निदेशक आर्यमान विक्रम बिड़ला ने कहा कि यह अधिग्रहण एबीआरईएन के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा मंच बनाने की दिशा में तेजी आएगी।

एबीआरईएन के व्यवसाय प्रमुख जयंत दुआ ने कहा कि दोनों कंपनियों के एकीकरण से परियोजना विकास, इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण एवं परिसंपत्ति प्रबंधन में समन्वय से परिचालन क्षमता बढ़ेगी और परियोजनाओं के निष्पादन में तेजी आएगी।

कंपनी ने कहा कि संयुक्त इकाई के पास विविध पोर्टफोलियो और मजबूत परियोजना पाइपलाइन होगी, जिससे आने वाले वर्षों में 20 गीगावाट-पीक क्षमता से अधिक क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

## विदेशी मुद्रा जमा और बढ़ाने को प्रवासी भारतीयों को जोड़ने के लिए कदम उठाएं बैंक: सीतारमण..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को बैंकों से कहा कि वे विदेशी मुद्रा जमा सीतारमण ने विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) जमा (एफसीएनआर-बी), बाह्य वाणिज्यिक उधारी और विदेशी मुद्रा कर्ज अदला***

बदली उपायों पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शुरुआती उत्साहजनक प्रतिक्रिया की सराहना की। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, उन्होंने बैंकों से एनआरआई समुदाय तक अपनी पहुंच और बढ़ाने, नए तरह के जमा उत्पाद पेश करने और योजनाओं की बची हुई अवधि के दौरान जमा जुटाने की गति को बनाए रखने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान, मुख्य कार्यपालक अधिकारियों ने बताया कि बैंक एफसीएनआर (बी) जमा पर आकर्षक रिटर्न दे रहे हैं, जिसमें पांच साल की जमा राशि भी शामिल है। यह नई एफसीएनआरबी (बी) जमा राशि पर ब्याज दर की सीमा को हटाने के कारण संभव हुआ है।

बैंकों के सीईओ ने बताया कि सिंगापुर, हांगकांग, पश्चिम एशिया, ब्रिटेन, अमेरिका और अन्य विदेशी क्षेत्रों में रहने वाले एनआरआई ने इसमें काफी रुचि दिखाई है।

बयान में कहा गया है कि उन्होंने सकारात्मक माहौल का फायदा उठाने और योजना की बची हुई अवधि के दौरान जमा जुटाने की प्रक्रिया को तेज करने की अपनी योजनाओं के बारे में बताया।

बयान के अनुसार, उन्होंने भरोसा जताया कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2026) के दौरान बाह्य वाणिज्यिक उधारी यानी विदेशों से कर्ज जुटाने की प्रक्रिया में और तेजी आएगी।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने यह भी बताया कि उन्होंने एनआरआई समुदाय से जुड़ने और जमा राशि तेजी से बढ़ाने के लिए डिजिटल चैनल सहित खास तौर पर तैयार की गई रणनीतियां अपनाई हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा दिए जा रहे आकर्षक रिटर्न के कारण एफसीएनआर (बी) जमा राशि जुटाने में स्पष्ट रूप से तेजी देखी गई है।

बातचीत के दौरान बैंकों ने यह भी बताया कि गुजरात की गिफ्ट सिटी में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में मौजूद अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग इकाइयों का उपयोग ब्रिटेन, अमेरिका, पश्चिम एशिया, हांगकांग, सिंगापुर और दक्षिण-पूर्व एशिया सहित कई क्षेत्रों से कोष जुटाने के लिए किया जा रहा है।

सीतारमण ने बैंकों से गिफ्ट सिटी में उपलब्ध वित्तीय सेवाओं और संस्थागत बुनियादी ढांचे का अधिकतम उपयोग करने का भी आग्रह किया। चर्चा के दौरान, आरबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भरोसा दिलाया कि केंद्रीय बैंक जमा राशि जुटाने और पात्र इकाइयों को उधार की सुविधा देने में बैंकों और वित्तीय संस्थानों का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहा है।

इस बैठक में वित्त मंत्रालय के सचिवों समेत कई वरिष्ठ अधिकारी अधिकारी भी शामिल हुए।

बयान के अनुसार, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों की लगातार और बड़े पैमाने पर भागीदारी यह दिखाती है कि विदेशी मुद्रा लाने, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच बाह्य क्षेत्र को मजबूत बनाने में अदला-बदली सुविधाएं कितनी प्रभावी हैं।

## उच्चतम न्यायालय ने खनिजों पर रॉयल्टी की गणना से जुड़े प्रावधानों को वैध ठहराया



नई दिल्ली, (भाषा)।

***उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को प्रमुख खनिजों पर रॉयल्टी की गणना से जुड़े प्रावधानों की संवैधानिक वैधता बरकरार रखते हुए केंद्र सरकार के खिलाफकिर्लोस्कर फेरस इंडस्ट्रीज की याचिका खारिज कर दी।***

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि संबंधित नियमों के तहत खनिजों के 'बिक्री मूल्य' की गणना में रॉयल्टी एवं अन्य वैधानिक भुगतान को शामिल किया जाना वैध है।

पीठ की तरफसे 82 पृष्ठ का फैसला लिखते हुए न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने 2016 के खनिज (परमाणु और हाइड्रोकार्बन ऊर्जा खनिजों को छोड़कर) रियायत नियमों के नियम 38 को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में इन प्रावधानों को संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 19(1)(ग) (व्यवसाय करने की स्वतंत्रता) का उल्लंघन बताया गया था।

किर्लोस्कर फेरस इंडस्ट्रीज ने नियम 38 की व्याख्याओं को चुनौती दी थी, जिनमें कहा गया है कि खनिजों के 'बिक्री मूल्य' की गणना करते समय रॉयल्टी, जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) और राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास (एनएमईटी) के भुगतान को घटाया नहीं जाएगा।

पीठ ने कहा, ÷हमारा मत है कि 2016 के नियमों में शामिल नियम 38 की व्याख्याएं और 2017 के नियमों के प्रावधान, औसत बिक्री मूल्य निर्धारण के लिए रॉयल्टी, डीएमएफऔर एनएमईटी के भुगतान को शामिल करने की स्थिति में, वैध एवं संवैधानिक हैं।÷ शीर्ष अदालत ने कहा कि संबंधित प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 19(1)(ग) का उल्लंघन नहीं करते हैं और न ही वे खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 9 के विपरीत हैं।

केंद्र सरकार ने अपनी दलील में कहा था कि यदि इन नियमों को निरस्त किया जाता है तो नीलाम हुई खदानों की 50 वर्ष की अवधि में राज्यों को लगभग सात लाख करोड़ रुपये का भारी नुकसान हो सकता है। पीठ ने कर चोरी रोकने के लिए 'लीगल फिक्शन' के विधायिका के अधिकार को मान्यता देते हुए कहा कि इस तरह के उपाय में कुछ भी अवैध नहीं है।

इसके साथ ही पीठ ने कोयला और लौह अयस्क के बीच भेदभाव के तर्क को खारिज करते हुए कहा कि दोनों की तुलना नहीं की जा सकती। कोयला क्षेत्र मुख्यतः एकाधिकार (कोल इंडिया) के अधीन है, जबकि लौह अयस्क क्षेत्र में कई निजी कंपनियों के होने से अलग नियामकीय व्यवस्था जरूरी है।

पीठ ने कहा कि जटिल आर्थिक मामलों में न्यायपालिका को विधायिका और नीति-निर्माताओं के प्रति उचित सम्मान (डिफरेंस) दिखाना चाहिए। उसने यह भी स्पष्ट किया कि किसी व्यक्तिगत कठिनाई के आधार पर सार्वजनिक हित से जुड़ी वित्तीय नीति को निरस्त नहीं किया जा सकता है।

फैसले में कहा गया कि जनता का कल्याण सर्वोपरि है और राज्यों की वित्तीय स्थिति की रक्षा के लिए निजी अधिकारों को सार्वजनिक हित के सामने पीछे हटना होगा।

## शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरा, स्थिर रुख के साथ बंद



मुंबई, (भाषा)।

पश्चिम एशिया में तनाव गहराने के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से सोमवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई लेकिन निचले स्तर पर खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। विश्लेषकों के मुताबिक, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में मजबूती ने भू-राजनीतिक चिंताओं के असर को कुछ हद तक संतुलित किया, जिससे बाजार शुरुआती गिरावट से उबरने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 711.96 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 76,857.43 अंक तक आ गया था।

हालांकि, आईटी शेयरों में जबर्दस्त खरीदारी आने से यह गिरावट से उबरकर 219.9 अंक तक चढ़ गया, लेकिन अपनी बढ़त कायम नहीं रख सका। कारोबार के अंत में यह 47.01 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 77,616.40 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 4.10 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की हल्की बढ़त के साथ 24,211 अंक पर बंद हुआ और इसमें लगातार तीसरे सत्र में तेजी दर्ज की। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 5.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे अधिक लाभ में रही। इसके अलावा एचसीएल टेक 5.02 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 3.34 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.17 प्रतिशत, एनटीपीसी 2.18 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर 1.83 प्रतिशत चढ़े। दूसरी तरफ इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे शेयर नुकसान में रहे। पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.57 प्रतिशत बढ़कर 77.96 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

ऑनलाइन ट्रेडिंग फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, ''अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य की तनावपूर्ण स्थिति के कारण तेल की आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिससे कच्चे तेल के दाम बढ़े और निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।'' व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.51 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप सेलेक्ट में 0.03 प्रतिशत की गिरावट रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड ने सर्वाधिक 3.49 प्रतिशत की छलांग लगाई जबकि फोकस आईटी खंड में 3.30 प्रतिशत, टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 0.59 प्रतिशत और उपयोगिता खंड में 0.35 प्रतिशत की तेजी रही।

बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,335 कंपनियों के शेयर लाभ में रहे, जबकि 2,068 शेयरों में गिरावट रही और 189 अन्य के भाव में बदलाव नहीं हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच बाजार में काफी उतार-चढ़ाव भरा कारोबार हुआ और सूचकांक लगभग स्थिर बंद हुए। पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनाव पैदा होने से कच्चे तेल में तेजी रही और निवेशकों ने सतर्कता दिखाई।''

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 8.95 प्रतिशत गिर गया जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट भी नुकसान में रहे। हांगकांग का हैंग सेंग मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में दोपहर के कारोबार के दौरान मिला-जुला रुख देखने को मिला। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 2,603.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। शुक्रवार को सेंसेक्स 827.57 अंक चढ़कर 77,569.39 अंक पर और निफ्टी 244.10 अंक की बढ़त के साथ 24,206.90 अंक पर बंद हुआ था।

## देश का निर्यात जून में 15.5 प्रतिशत बढ़कर 40.41 अरब डॉलर, व्यापार घाटा पांच माह के उच्च स्तर पर..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश का निर्यात जून महीने में सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़कर 40.41 अरब डॉलर रहा। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर पांच महीने के उच्च स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया।***

मुख्य रूप से कच्चे तेल के दाम में तेजी से व्यापार घाटा बढ़ा है। कच्चे तेल का आयात आलोच्य महीने में 40 प्रतिशत बढ़कर 19.32 अरब डॉलर रहा। देश का कुल वस्तु आयात 31 प्रतिशत बढ़कर 70.84 अरब डॉलर रहा। जून के पहले पखवाड़े में, तेल की कीमत लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल थी। अब यह 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई है।

पिछले महीने कीमती धातुओं, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी के आयात ने भी देश के आयात बिल को बढ़ाया। आलोच्य महीने में इलेक्ट्रॉनिक्स आयात 58.77 प्रतिशत बढ़कर 13.4 अरब डॉलर, मशीनरी 30.9 प्रतिशत बढ़कर 5.8 अरब डॉलर और और सोने का आयात सात प्रतिशत बढ़कर लगभग दो अरब डॉलर रहा।

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में निर्यात 15.92 प्रतिशत बढ़कर 129.32 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 19.89 प्रतिशत बढ़कर 216.18 अरब डॉलर हो गया। व्यापार घाटा चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान 86.86 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 68.75 अरब डॉलर था।

जून, 2025 में व्यापार घाटा 19.1 अरब डॉलर था और इस साल जनवरी में यह 34.68 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सोने का आयात बढ़कर 11.01 अरब डॉलर रहा जो पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में 7.49 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने आंकड़ों के बारे में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स, लौह अयस्क, हस्तशिल्प, मांस और डेयरी उत्पादों जैसे क्षेत्रों में भारत के निर्यात में अच्छी वृद्धि है। भारत के निर्यात में दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर, चीन, ओमान और मलेशिया जैसे देशों में तेजी देखी गयी।

उन्होंने कहा कि जून में पश्चिम एशियाई देशों को भारत का निर्यात 7.29 प्रतिशत बढ़कर पांच अरब डॉलर हो गया। पश्चिम एशिया संकट के कारण अप्रैल और मई में क्षेत्र के देशों को निर्यात कम रहा था। भारत ने उस क्षेत्र में सामान भेजने के लिए ओमान के तीन बंदरगाहों (डुक्म, सोहर और सलालाह) का इस्तेमाल किया।

अमेरिका-ईरान संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले मालवाहक जहाजों की आवाजाही को प्रभावित किया है। इस बीच, सरकारी अनुमानों के अनुसार, जून में सेवाओं का निर्यात 33.03 अरब डॉलर और आयात 17.92 अरब डॉलर रहा।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 8 माह से वेतन नहीं मिलने पर जनपद के मनरेगा कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर



जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत लांजी में मनरेगा योजना के तहत कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। विगत 8 महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारी परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने*** में असमर्थ हो गए हैं। मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ने और आर्थिक संकट की मार झेल रहे कर्मचारियों ने आखिरकार 13 जुलाई 2026 से सामूहिक अवकाश पर चले गए।

## एकमात्र ब्लॉक जहां 3 महीने का वेतन भी नहीं पहुंचा..

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में स्न्न पोर्टल के माध्यम से वेतन वितरण होता है। मनरेगा परिषद ने हाल ही में मात्र 3 महीने का आवंटन जारी किया, जिससे प्रदेश भर के ज्यादातर मनरेगा कर्मचारियों को वेतन मिल गया। लेकिन जनपद पंचायत लांजी पूरे मध्य प्रदेश में एकमात्र ऐसा ब्लॉक बन गया है, जहां इस 3 महीने के वेतन का भी भुगतान नहीं हो सका।

कर्मचारियों का आरोप है कि विगत 15 दिनों से **SNA** पोर्टल के माध्यम से सेंट्रल ट्रेजरी को वेतन बिल ट्रांसफर कर दिए गए थे, फिर भी आज तक किसी भी कर्मचारी के बैंक खाते में राशि जमा नहीं हुई है।

## बार-बार शिकायत, कोई समाधान नहीं..

कर्मचारियों और अधिकारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों के पास कई बार लिखित निवेदन दिए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उपयंत्री, अधिकारी, कर्मचारी और ग्राम रोजगार सहायक सभी इस समस्या से जूझ रहे हैं। एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 8 महीने से घर चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च, बीमारी – सब ठप्प हो गया है। मानसिक स्थिति पूरी तरह बिगड़ चुकी है। हम लोग सिर्फअपना हक मांग रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही।

## विधायक को भी दी सूचना..

इस गंभीर समस्या से अवगत कराते हुए स्थानीय विधायक राजकुमार करांहे को भी पत्र भेजा गया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक वेतन भुगतान नहीं होता, वे सामूहिक अवकाश पर ही रहेंगे।

## प्रशासनिक लापरवाही या सिस्टम की खामी?

यह मामला सिर्फ लांजी ब्लॉक तक सीमित नहीं लग रहा। मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना में कर्मचारियों की इस हालत से ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। सवाल उठ रहा है कि आखिर एसएनए पोर्टल पर बिल ट्रांसफर होने के बावजूद पैसे खाते में क्यों नहीं पहुंच रहे? क्या यह प्रशासनिक लापरवाही है या बड़े स्तर पर कोई तकनीकी/वित्तीय गड़बड़ी? जनपद पंचायत लांजी के मनरेगा कर्मचारियों की यह लड़ाई अब पूरे प्रदेश के लिए उदाहरण बनती जा रही है। प्रशासन और सरकार से अपील है कि इस समस्या का तुरंत समाधान निकाला जाए, ताकि कर्मचारी अपने परिवार के साथ सामान्य जीवन जी सकें और योजना का काम भी सुचारू रूप से चल सके।

# 16 वीं पुण्यतिथि पर स्व. आशीष 'छोटू' पटेल को अर्पित श्रद्धांजलि..





## सिविल अस्पताल में मरीजों व नवजात शिशुओं को फल एवं वस्त्र वितरित..



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी नगर के भिलाई रोड पर स्थित पटेल परिवार के होनहार एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी आशीष छोटू पटेल 16 वर्ष पूर्व एक दुर्घटना पर असामयिक स्वर्गवास हो गया था। स्वर्गीय छोटू पटेल का*** व्यवहार आज भी लोगों के स्मृति पटल पर है इनकी 16 वीं पुण्यतिथि पर 13 जुलाई 2026 को परिजनों द्वारा शांति पाठ करा कर सिविल अस्पताल लांजी पंहुचकर अस्पताल में भर्ती मरीजो को फल वितरण किया गया साथ ही नवजात शिशुओ को वस्त्र वितरण किया गया।

बतादे कि प्रतिवर्ष छोटू महिमेहरो का परिवार जिसमें पिताजी युवराज महिमेहरो, माता श्रीमती विद्या महिमेहरो, बडे भाई राजा पटेल महिमेहरो, बहन श्रीमती अंजू करांहे, ओम चिया समस्त पटेल परिवार, सहित मित्र मण्डल सौरभ मोनू पशीने, अमित आसटकर, शालू अली, जीवन किरनापुरे, सुभाष सहारे, उपकेन वराड़े, शरद सोनवाने, इकराम शेख, आदित्य रामटेककर, नितिन बड़गैया, मोनू वराड़े, नावेद खान एवं समस्त मित्र मंडल तथा सिविल अस्पताल लांजी से बीएमओ डॉ अक्षय उपराड़े, सचिन रावल, आशीष भरने, अंकित खरोले, इन्द्रजीत सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे। जिनके द्वारा फल, बिस्कुट और चाय बांटी एवं नवजात शिशुओं को वस्त्र वितरण कार्य किया गया तथा आशीष छोटू पटेल को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# देवालगांव में 2 एकड़ शासकीय भूमि अतिक्रमण से हुई मुक्त मवेशियों की चराई प्रभावित होने से छोड़ी थी ग्रामीणों ने मुहिम..

## पूरे गांव की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने ग्रामीण सौपेंगे ज्ञापन..







जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत देवलगांव में शासकीय चरनोई भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों की पहल रंग लाई। सोमवार 13 जुलाई को राजस्व विभाग,*** ग्राम पंचायत और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में खसरा-नक्शे के आधार पर सीमांकन कर करीब दो एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह अभियान अब पूरे गांव की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तक जारी रहेगा। बताया गया कि हल्का क्रमांक-36 में भूमिस्वामी तेजलाल टेंभरे एवं भूमेश्वर टेंभरे की पैतृक भूमि के सामने स्थित शासकीय भूमि पर विनोद टेंभरे एवं सोहन बागड़े द्वारा कथित रूप से अतिक्रमण कर लिया गया था।

अतिक्रमण के कारण बारिश के मौसम में चरवाहों ने मवेशी चराना बंद कर दिया था। ग्रामीणों के अनुसार गांव में दो से तीन हजार मवेशी हैं, जिनके लिए यह चरनोई भूमि अत्यंत महत्वपूर्ण है। चराई प्रभावित होने से किसानों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया था। इसके बाद ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती पुष्पा कमलकिशोर ठाकरे को लिखित आवेदन देकर मांग की थी कि जब तक शासकीय भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया जाएगा, तब तक मवेशियों को चराने नहीं ले जाया जाएगा।

## हरे भरे पेड़ों को भी काटा गया..

ग्रामीणों का आरोप है कि अतिक्रमण के दौरान शासकीय भूमि पर लगे पलाश के हरे-भरे पेड़ों की भी कटाई कर दी गई थी। कार्रवाई के दौरान उक्त भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय भूमि गांव की सार्वजनिक संपत्ति है और इसका उपयोग पूरे गांव के हित में होना चाहिए। इसलिए किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

## अब पूरे गांव से अतिक्रमण हटाने की तैयारी..

ग्रामीणों का कहना है कि देवलगांव में 10 से 15 अन्य लोगों ने भी शासकीय भूमि पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कर रखा है। ग्रामीणों के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति ने लगभग दो से तीन एकड़ शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखा है तथा कई स्थानों पर हरे-भरे पेड़ों की भी कटाई की गई है। इसे लेकर ग्रामीणों ने पूरे गांव की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मुहिम शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि 14 जुलाई को अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी को ज्ञापन सौंपकर गांव की समस्त शासकीय भूमि का सीमांकन कराने, सभी अतिक्रमण हटाने तथा शासकीय भूमि पर पेड़ों की कटाई के मामलों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# डायरिया रोको अभियान: नेवरगांव कला में पेयजल की जांच, स्वच्छता और हाथ धोने के प्रति किया गया जागरूक..






जगप्रेरणा किरनापुर।

***जिले में जलजनित बीमारियों की रोकथाम तथा ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा डायरिया रोको*** अभियान के तहत लगातार जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके के निर्देशन में पीएचई विभाग की सहयोगी संस्था नई रोशनी की फील्ड समन्वयक अनुसूया कुथे ने विकासखंड किरनापुर के ग्राम नेवरगांव कला का भ्रमण कर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

अभियान के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूल शिक्षकों, स्कूली विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में फील्ड टेस्ट किट (स्न्नञ्ज) के माध्यम से पेयजल स्रोतों के पानी की गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान पानी की रासायनिक शुद्धता का परीक्षण किया गया तथा ग्रामीणों को स्वयं एफ टीके किट का उपयोग कर पानी की जांच करने की विधि भी सिखाई गई, ताकि वे समय-समय पर अपने पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण कर सकें।

स्वच्छता को डायरिया से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय बताते हुए विभागीय टीम ने ग्रामीणों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्चों को हैंड वॉश के छह चरणों का प्रदर्शन कर सही तरीके से हाथ धोने की जानकारी दी। प्रतिभागियों को बताया गया कि भोजन बनाने और खाने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने की आदत अपनाकर डायरिया सहित कई जलजनित एवं संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है।

अभियान के दौरान ग्रामीणों से हमेशा शुद्ध एवं ढककर रखा गया पानी पीने, पेयजल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की गंदगी दिखाई देने पर तत्काल उसकी सफाई करने की अपील की गई। विभाग ने कहा कि जनभागीदारी और सतर्कता के माध्यम से ही डायरिया जैसी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

# साप्ताहिक बाजार में मछली अपशिष्ट से फैली बदबू

## रहवासियों ने की तत्काल सफाई और सख्त कार्रवाई की मांग..





जगप्रेरणा लांजी।

***रविवार को लगने वाला लांजी का साप्ताहिक बाजार आसपास निवासरत लोगों के लिए अब सिरदर्द बन गया है। मछली व मुर्गी बाजार के अंतिम छोर पर बसे रहवासी लोग बदबू की चपेट में हैं। मछली विक्रेता मछली*** को साफ करके काटने के बाद अपशिष्ट पदार्थ वहीं छोड़ देते है साथ ही, जिंदा मछली रखने के लिए पिकअप वाहनों में लाया गया गंदा पानी भी वहीं बाजार में बहा दिया जाता है। जिसके चलते बाजार समाप्त होने के बाद सफाई न होने से पूरा इलाका बदबू से भर जाता है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बाजार उठने के तुरंत बाद सफाई हो जानी चाहिए, लेकिन यहां दो-तीन दिन बाद या फिर शिकायत करने के बाद ही सफाई कर्मचारी नजर आते हैं। इससे अगले दिन गंध और भी तेज हो जाती है। एक स्थानीय निवासी ने गुस्से के साथ कहा कि हर रविवार के बाद पूरा इलाका गंदगी से बजबजा जाता है। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। कभी भी कोई गंभीर बीमारी फैल सकती है। हमने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। मछली बाजार के अपशिष्ट पदार्थ, मरी मछलियां और बहाए गए पानी से न सिर्फ बदबू फैल रही है, बल्कि मक्खियां, मच्छर और अन्य कीटाणु भी बढ़ रहे हैं। आसपास के लोग दावा कर रहे हैं कि यह लापरवाही उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

## नगर परिषद उठाए सख्त कदम

लोगों की मांग है कि नगर परिषद लांजी तुरंत कदम उठाए, मछली विक्रेताओं द्वारा छोड़े गए अपशिष्ट को बाजार समाप्त होते ही तुरंत हटाया जाए और किसी सुरक्षित जगह पर डिस्पोज किया जाए। बाजार के बाद नियमित एवं तत्काल सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## स्वास्थ्य विभाग की भी जिम्मेदारी

ऐसे इलाकों में जलजनित और वायरल बीमारियों का खतरा हमेशा बना रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार, बाजार में पड़े मछली के अपशिष्ट और गंदे पानी से हैजा, डायरिया, टाइफाइड जैसी बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है।

# कुख्यात वन्यजीव शिकारी अजीत पारधी की जमानत हुई निरस्त..

## स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने 11 साल की फरारी के बाद किया था गिरफ्तार..

## मध्यप्रदेश लाया जाएगा आरोपी, चंद्रपुर महाराष्ट्र में न्यायिक हिरासत में है निरुद्ध..

जगप्रेरणा भोपाल।

मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) को वन्यजीव अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। पेंच टाइगर रिजर्व में वर्ष 2013 में दर्ज वन्यजीव शिकार प्रकरण के कुख्यात आरोपी अजीत पारधी की जमानत विशेष न्यायालय, जबलपुर ने निरस्त कर दी है। न्यायालय अब आरोपी की पेशी के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी करेगा, जिसके बाद उसे महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश लाया जाएगा। वन्यजीव अपराधों से जुड़े मामलों में यह प्रदेश का एक विरला मामला है, जिसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 480 के तहत जांच एजेंसी के आवेदन पर पहले से जमानत प्राप्त आरोपी की जमानत और बंधपत्र निरस्त किए गए हैं।

विशेष न्यायालय, जबलपुर से सशर्त जमानत मिलने के बाद भी एसटीएसएफउसकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखे हुए थी। जमानत पर रिहा होने के कुछ ही महीनों बाद 25 जनवरी 2025 को उसे महाराष्ट्र के चंद्रपुर में बाघ शिकार के एक अन्य मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। इस प्रकरण की जांच में भी एसटीएसएफने चंद्रपुर वन विभाग को सहयोग प्रदान किया था। वर्तमान में आरोपी जिला जेल चंद्रपुर (महाराष्ट्र) में न्यायिक अभिरक्षा में निरुद्ध है। एसटीएसएफने वर्ष 2025 में ही आरोपी की जमानत निरस्त करने के लिए न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। एसटीएसएफऔर लोक अभियोजन अधिकारी के तर्कों तथा सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न न्यायिक दृष्टांतों के आधार पर विशेष न्यायालय, जबलपुर ने माना कि आरोपी जमानत पर रहने योग्य नहीं है। न्यायालय ने उसकी जमानत और बंधपत्र निरस्त करते हुए उसकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी करने के निर्देश दिए हैं।

पेंच टाइगर रिजर्व के रूखड़ परिक्षेत्र (बफर) में वर्ष 2013 में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत प्रकरण में अजीत पारधी समेत अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसटीएसएफने 11 वर्ष से फरार चल रहे अजीत पारधी को 18 जुलाई 2024 को बालाघाट जिले से गिरफ्तार किया था। अजीत पारधी पर बाघ और पैंगोलिन के शिकार एवं तस्करी से जुड़े कई मामलों में आरोपी होने का रिकॉर्ड है। उसके विरुद्ध सीबीआई सहित महाराष्ट्र के नागपुर, उमरेड, करंडला अभयारण्य और चंद्रपुर वन मंडल में भी विभिन्न वन्यजीव अपराध दर्ज हैं। प्रकरण की विवेचना वन्यजीव मुख्यालय के निर्देश पर एसटीएसएफकी जबलपुर इकाई कर रही है।



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



10 सोमवार 13 जुलाई 2026
जग प्रेरणा
लालबर्रा, बैहर, परसवाड़ा
● कनकी ● खमरिया ● जाम ● कंजई ● उकवा ● मलाजखंड ● बिरसा ● लामटा ● चांगोटोला



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


## ग्रामीण अंचल के 85 विद्यार्थियों को मिली नई उड़ान

# जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रे ने वितरित की शिक्षण सामग्री, बच्चों संग किया पौधरोपण..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायी पहल करते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं क्षेत्र के लोकप्रिय आदिवासी नेता दलसिंह पंद्रे ने परसवाड़ा विकासखंड के ग्राम बड़गांव स्थित माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण***







अंचल के लगभग 85 छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन एवं पेंसिल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और ग्रामीणों के साथ छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण भी किया गया तथा उनकी सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दलसिंह पंद्रे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे हैं, जिनकी पढ़ाई केवल संसाधनों के अभाव में प्रभावित होती है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का दायित्व है कि वह ऐसे बच्चों की शिक्षा में सहयोग करे। उन्होंने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि विद्यालय के कई विद्यार्थी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कॉपी-पेन जैसी आवश्यक शिक्षण सामग्री भी समय पर नहीं खरीद पा रहे हैं। इसी भावना से प्रेरित होकर उन्होंने विद्यालय के सभी बच्चों को शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई, ताकि किसी भी विद्यार्थी को पढ़ाई में कोई बाधा न आए।

उन्होंने कहा कि शिक्षा वह अमूल्य धन है जिसे कोई छीन नहीं सकता। यह ऐसी संपत्ति है जो जितनी अधिक अर्जित और उपयोग की जाती है, उतनी ही बढ़ती है। आज के विद्यार्थी ही कल के डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि बनेंगे। इसलिए प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रे ने विद्यार्थियों से कहा कि वे कठिन परिस्थितियों से घबराए बिना पूरी लगन और अनुशासन के साथ अध्ययन करें।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के सहयोगात्मक प्रयास लगातार जारी रहेंगे। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और सक्षम नागरिकों से भी आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम के बाद विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पौधों की नियमित देखभाल करने और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

दलसिंह पंद्रे ने कहा कि शिक्षा और पर्यावरण, दोनों ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। इसलिए बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना भी आवश्यक है।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच रीता उईके, सुधीर पटले, मनोहर बगारे, नरेन्द्र शरणागत, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने शिक्षण सामग्री मिलने पर जिला पंचायत सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया।

# माय भारत जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न, 15 से 29 वर्ष के सभी युवाओं का पोर्टल पर पंजीयन कराने के निर्देश..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित माय भारत की जिला सलाहकार समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टर सभा कक्ष में कलेक्टर श्री मृणाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।***



बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के प्रारंभ में जिला युवा अधिकारी श्री प्रांजल अग्रवाल ने माय भारत की गतिविधियों, उद्देश्यों एवं युवाओं के लिए संचालित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इसके बाद कलेक्टर श्री मीणा ने निर्देश दिए कि जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के सभी युवाओं का माय भारत पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराया जाए। उन्होंने जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट एवं गाइड, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई तथा अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि माय भारत के अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग तथा जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर युवाओं को विभिन्न गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में युवा मंडलों एवं व्यक्तिगत युवाओं के पंजीयन की जिम्मेदारी जनपद पंचायतों, अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) एवं तहसीलदारों को सौंपी गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि माय भारत के स्वयंसेवकों के सहयोग से गांव-गांव में विशेष पंजीयन अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं को पोर्टल से जोड़ा जाए।

बैठक में जनसंपर्क विभाग को भी निर्देशित किया गया कि माय भारत की गतिविधियों एवं योजनाओं का सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिकाधिक युवा इस पहल से जुड़कर इसका लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने सभी विभागों से समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी श्री प्रांजल अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# माइनिंग इंस्पेक्टर पद पर प्रज्ञा गेडाम का हुआ चयन..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रतिभा किसी बड़े शहर या आधुनिक संसाधनों की मोहताज नहीं होती। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, सोच सकारात्मक हो और मेहनत पूरी ईमानदारी से की जाए, तो ग्रामीण अंचल की बेटियां भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर सकती हैं।***




यह विचार आल इंडिया समता सैनिक दल के प्रांतीय क्षेत्रीय सचिव, बालाघाट जिला बौद्ध संघ के वरिष्ठ सदस्य एवं म.प्र. शिक्षक संघ के संभागीय सदस्य एस. आर. उके ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर व्यक्त किए। उन्होंने कटंगी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम समतपुरी की सुपुत्री प्रज्ञा गेडाम को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा माइनिंग इंस्पेक्टर के प्रतिष्ठित पद पर चयनित होने पर पूरे समाज और क्षेत्र की ओर से बधाई दी है। प्रज्ञा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे जिले, समाज और परिवार में गौरव तथा हर्ष का माहौल है।

### संस्कार और शिक्षा के माहौल से मिली नई उड़ान

माइनिंग इंस्पेक्टर के पद पर चुनी गई प्रज्ञा गेडाम के पिता नंदकिशोर गेडाम शिक्षा जगत से जुड़े हैं और वर्तमान में शासकीय विद्यालय लिंगा (जिला बालाघाट) में शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं, वहीं उनकी माता श्रीमती धर्मकला गेडाम एक कुशल गृहिणी हैं। प्रज्ञा को यह सफलता पारिवारिक संस्कारों, कड़े अनुशासन और घर में शिक्षा के अनुकूल वातावरण के चलते प्राप्त हुई है।

### सरकारी स्कूलों से पढ़कर तय किया शीर्ष का सफर

सीमित संसाधनों के बीच प्रज्ञा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 8वीं तक) ग्राम समतपुरी के शासकीय विद्यालय से प्राप्त की । इसके बाद उन्होंने कक्षा 9वीं और 10वीं उत्कृष्ट विद्यालय कटंगी से तथा 11वीं-12वीं (गणित विषय) की पढ़ाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगी से पूरी की। उन्होंने शासकीय जटाशंकर महाविद्यालय, बालाघाट से बी.एससी. एवं एम.एससी. की डिग्रियां हासिल कीं । एस. आर. उके ने कहा कि प्रज्ञा गेडाम की यह अद्वितीय उपलब्धि ग्रामीण अंचल की उन तमाम बेटियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी बड़े सपने देखती हैं । प्रज्ञा ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

### सामाजिक एवं कर्मचारी संगठनों ने जताई खुशी, सम्मान करने का लिया निर्णय

प्रज्ञा गेडाम की इस सफलता पर क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और कर्मचारी संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है। जिसमें आर. डी. देशभ्रतार, एस. आर. उके, संजय खोबरागड़े, हंसराज मेश्राम, सचिन मेश्राम, प्रशांत मेश्राम, स्वराज बारमाटे, वंदना रमेश रंगारे, एच. आर. रानाडे, विकास खाण्डेकर, एन. आर. डोंगरे, एच. के. नेवारे, मेघराज नगपुरे, प्रहलाद पटले, एवं पंकज चिले सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि समाज का नाम रोशन करने वाली इस होनहार बेटी को जल्द ही एक भव्य समारोह आयोजित कर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

# डायरिया रोको अभियानः नेवरगांव कला में पेयजल की जांच, स्वच्छता और हाथ धोने के प्रति किया गया जागरूक..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में जलजनित बीमारियों की रोकथाम तथा ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा डायरिया रोको अभियान के तहत लगातार जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।***







इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके के निर्देशन में पीएचई विभाग की सहयोगी संस्था नई रोशनी की फील्ड समन्वयक अनुसूया कुथे ने विकासखंड किरनापुर के ग्राम नेवरगांव कला का भ्रमण कर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

अभियान के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूल शिक्षकों, स्कूली विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में फील्ड टेस्ट किट (स्न्नञ्य) के माध्यम से पेयजल स्रोतों के पानी की गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान पानी की रासायनिक शुद्धता का परीक्षण किया गया तथा ग्रामीणों को स्वयं एफ्टीके किट का उपयोग कर पानी की जांच करने की विधि भी सिखाई गई, ताकि वे समय-समय पर अपने पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण कर सकें।

स्वच्छता को डायरिया से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय बताते हुए विभागीय टीम ने ग्रामीणों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्चों को हैंड वॉश के छह चरणों का प्रदर्शन कर सही तरीके से हाथ धोने की जानकारी दी। प्रतिभागियों को बताया गया कि भोजन बनाने और खाने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने की आदत अपनाकर डायरिया सहित कई जलजनित एवं संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है।

अभियान के दौरान ग्रामीणों से हमेशा शुद्ध एवं ढककर रखा गया पानी पीने, पेयजल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की गंदगी दिखाई देने पर तत्काल उसकी सफाई करने की अपील की गई। विभाग ने कहा कि जनभागीदारी और सतर्कता के माध्यम से ही डायरिया जैसी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

# शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बालाघाट में तीन दिवसीय एआई फैकल्टी डेवलपमेंट प्रशिक्षण संपन्न..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, बालाघाट में 9 से 11 जुलाई 2026 तक क्रद्धड्डह्लह्यड्डह्द्ग एवं ड्ढक्करू के संयुक्त सहयोग से तीन दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ड्ढ) फैकल्टी डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।***






प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नवीनतम तकनीकों से परिचित कराते हुए शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रशासनिक कार्यों में एआई के प्रभावी और उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग के लिए सक्षम बनाना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आर. एम. सोनवे सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जनरेटिव एआई, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, आधुनिक एआई टूल्स तथा उनके व्यावहारिक उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। एआई टेक्नोलॉजी ट्रेनर श्री प्रमेय तिवारी ने लाइव डेमो एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को विभिन्न एआई आधारित अनुप्रयोगों का व्यावहारिक अभ्यास कराया। इस दौरान शिक्षण, मूल्यांकन, कार्यालयीन कार्यों, शैक्षणिक प्रबंधन, कंटेंट निर्माण, प्रस्तुतीकरण, दस्तावेज़ तैयार करने, डेटा विश्लेषण, प्रश्न-पत्र निर्माण तथा शिक्षण सामग्री विकसित करने में एआई के उपयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों में उभरती हुई कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीकों के प्रति जागरूकता एवं तकनीकी दक्षता का विकास हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी श्री शैलेष सिन्हे ने क्रद्धड्डह्लह्यड्डह्द्ग, ड्ढक्करू एवं प्रशिक्षक श्री प्रमेय तिवारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा डिजिटल शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का ज्ञान प्रत्येक शिक्षक के लिए समय की आवश्यकता बन गया है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की कार्यकुशलता, नवाचार क्षमता और तकनीकी दक्षता को नई दिशा प्रदान करते हैं, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं उद्योगोन्मुखी तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

# कक्षा 11 वी की नाबालिक छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या..

जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट के तिरोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरपड़िया में एक नाबालिक छात्रा पायल देशमुख उम्र 16 वर्ष ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा पायल देशमुख उम्र 16 साल कक्षा ग्यारहवी की छात्रा थी। सूचना पर पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिये कटंगी भेज कर पीएम कराया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी में आया कि आज 13 जुलाई को छात्रा पायल देशमुख ने स्कूल जाने के पहले अर्थात लगभग 10 से साढ़े 10 बजे के बीच अपने घर पर दुपटटा में फांसी लगा ली। यह जानकारी तब सामने आयी जब मृतिका के पिता अपने घर आये और उन्होने बेटी को फांसी पर लटका देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई और पुलिस ने शव बरामद करने की कार्यवाही की। मृतिका के पास से कोई सोसाइड नोट या अन्य कुछ दस्तावेज बरामद नहीं हुये है। पुलिस को पता चला है कि मृतिका की मां खेत गई हुई थी इसलिये वह अपनी मां को खाना देने के लिये खेत गई थी।

खेत से घर लौटने के पश्चात उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। संभावना जतायी जा रही है कि स्कूल में पढ़ाई का तनाव या फिर मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है। फिलहाल में मौत की वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस की विवेचना में मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। जानकारी में आया कि छात्रा पायल देशमुख कक्षा ग्यारहवी की छात्रा है और वह तिरोड़ी की हाईस्कूल में पढ़ाई कर रही थी । परिवार में सबकुछ सामान्य होने की जानकारी मिली है । बताते है कि मृतिका के पिता सुरेंद्र देशमुख गांव खरपड़िया के चौक की ओर चले गया था और वही मृतिका की मां खेत गई हुई थी। जिसके चलते घर सुनसान था।

मां को खाना देकर आने के पश्चात वह अपने घर लौटी और उसने सुनसानपन का फायदा उठाते हुये अपने ही दुपटटे से घर पर फांसी लगा ली। जब चौक की तरफसे पिता पहुंचा तो उसने बेटी को फांसी पर लटका देखा। लेकिन तब तक काफी देर हो गई थी। पायल देखमुख की फांसी लगाने से मौत हो गई थी।

**विज्ञापन आमंत्रित है..**
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण **गोंदिया भंडारा**
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

**विज्ञापन आमंत्रित है..**
संपर्क - मो. 9329033433

### दुर्घटना होने पर जिम्मेदार कौन?

# सड़क पर ट्रैक्टरों से गिरे कीचड़ और मिट्टी से बढ़ा हादसों का खतरा



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***सालेकसा तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों की मुख्य सड़कों पर खेतों से आने-जाने वाले ट्रैक्टरों के पहियों से चिपकी मिट्टी और कीचड़ बड़ी मात्रा में सड़क पर फैल रहा है।***

इससे दोपहिया, चारपहिया वाहन चालकों तथा पैदल यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में यदि कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? यह सवाल अब नागरिकों द्वारा उठाया जा रहा है।

सड़कों के कई हिस्सों पर ट्रैक्टरों के पहियों से गिरी मिट्टी और कीचड़ बिखरा हुआ दिखाई देता है। विशेषकर बारिश के मौसम में यह कीचड़ अत्यधिक फिसलन भरा हो जाता है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ने का खतरा बढ़ जाता है। रात के समय या तेज गति से आने वाले वाहन चालकों को यह खतरा समय पर दिखाई नहीं देता, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि यह रोज़ की परेशानी बन चुकी है। संबंधित विभाग का कई बार ध्यान आकर्षित करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

नागरिकों ने मांग की है कि खेतों से मुख्य सड़क पर आने से पहले ट्रैक्टर चालक अपने वाहनों के पहियों पर लगी मिट्टी और कीचड़ साफकरें। साथ ही ग्राम पंचायत, लोक निर्माण विभाग **(PWD)** तथा यातायात विभाग इस संबंध में नियमों का सख्ती से पालन कराते हुए लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करें।

लोगों का कहना है कि किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय प्रशासन को तत्काल सड़क की सफाई करवानी चाहिए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी उपाय लागू करने चाहिए।

# दहेगांव - दवड़ीपार मार्ग की दयनीय हालत से कब मिलेगा परेशान जनता को छुटकारा?

### जनप्रतिनिधीयो के खिलाफफैल रहा है असंतोष..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

***क्षेत्र में रोड़ रास्तो की दयनीय हालत से जनता परेशान नजर आ रही है। लेकिन बड़े बड़े विकास कार्य करने की डिंगे मारने वाले जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता विकास***

कार्यों में रोढा बनी हुई है। बताया गया है कि जनप्रतिनिधियों के निष्क्रिय कार्यप्रणाली के चलते तालुका अंतर्गत आ रहे ग्रामीण मार्ग की दयनीय अवस्था में हो गये है, लेकिन महाराष्ट्र की सरकार तथा जनता से चुने गये जनप्रतिनिधि जनता की समस्या सुनने एवं हल करने में नाकामयाब हो गये हैं!

बताया गया है कि तालुका अंतर्गत एवं ठाणा जि, प, के तहत आ रहे दहेगांव - दवड़ीपार मार्ग की स्थिति एकदम खराब हो गयी है। यह मार्ग स्थानीय सार्वजनिक बांधकाम उपविभाग (जि. प.) के तहत आता है। मार्ग पर वाहनों की आवाजाही से बड़े बड़े गड्ढे पड़ने से मार्ग की दुर्दशा हो गयी है। ऐसा प्रतीत होता है कि गड्ढों में सड़क घुस गयी है। छोटे वाहन चालकों का आवागमन करना खतरे से खाली नहीं है। बताया जा रहा है कि करीबन 3 कि, मी, लंबाई वाले मार्ग पर कई सालों से मरम्मत कार्य नहीं होने से मार्ग की गिट्टी उखड़ कर गड्ढे पड़ गये है। उन गड्ढों से गुजरना खतरे से खाली नहीं है।

बताया गया है कि यह मार्ग आमगांव विधानसभा क्षेत्र में आता है, जिसके विधायक - संजय पुराम है। जिला परिषद क्षेत्र ठाणा है, इसके सदस्य - हनवंतराव वटी है। तथा पंचायत समिति की सदस्या सौ, सुनंदाताई उके है। वह पंचायत समिति आमगांव की उपसभापती है। ये तीनों नेता भाजपा के है। महाराष्ट्र में वर्तमान सरकार भाजपा की है। फिर भी विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। क्षेत्र में विकास कार्य नहीं होने से इन जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जनता में असंतोष निर्माण हो गया है।

# प्रीति टेंभरे को 'जिजामाता कृषिभूषण पुरस्कार' से सम्मानित, आधुनिक खेती से पेश की मिसाल



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के चुटिया गांव की प्रगतिशील महिला किसान श्रीमती प्रीति ऋषि टेंभरे को 'जिजामाता कृषिभूषण पुरस्कार वर्ष 2023' से सम्मानित किया गया है। आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग, कृषि से जुड़े पूरक व्यवसायों को बढ़ावा देने तथा जैविक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए उन्हें यह सम्मान वर्तमान राज्यपाल के हाथों प्रदान किया गया।

श्रीमती टेंभरे ने अपने खेत में सौर ऊर्जा संयंत्र, सौर पंप और बायोगैस यूनिट स्थापित कर ऊर्जा संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। खेती की लागत कम करने के लिए उन्होंने ट्रैक्टर, रोटावेटर, मल्चिंग मशीन तथा घास काटने वाली मशीनों का प्रभावी उपयोग किया। इसके साथ ही 60 से 80 देशी गायों का पालन कर पंचगव्य आधारित उत्पाद तैयार किए और दुग्ध व्यवसाय को भी नई दिशा दी। उन्होंने 'योगी' ब्रांड के माध्यम से दुग्ध उत्पादों की सीधे उपभोक्ताओं तक बिक्री शुरू की है। स्थानीय बाजारों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी अपने उत्पादों का विपणन नेटवर्क विकसित किया है।

कोरोना काल में महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देशी गाय के गोबर से राखी बनाने का अभिनव अभियान भी चलाया, जिसके लिए उन्हें प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्होंने 'लक्ष्मी कृषि पर्यटन केंद्र' की स्थापना कर कृषि पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। 'लक्ष्मी शेतकरी उत्पादक संघ' तथा 'लीलावती एग्रो शेतकरी उत्पादक कंपनी' के माध्यम से किसानों के हित में विभिन्न योजनाएं एवं गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। पिछले 12 वर्षों से वे जैविक खेती और गोपालन विषय पर किसान सम्मेलनों का आयोजन करने के साथ-साथ किसानों को खेत पर ही व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दे रही हैं।

जल संरक्षण एवं सिंचाई प्रबंधन के लिए उन्होंने ड्रिप सिंचाई प्रणाली तथा खेत तालाबों का प्रभावी उपयोग कर वर्षा जल का बेहतर प्रबंधन किया है। वहीं फेरोमोन ट्रैप और पक्षी विश्राम स्थलों जैसी पर्यावरण अनुकूल तकनीकों को अपनाकर प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती को प्रोत्साहित किया है।

श्रीमती प्रीति टेंभरे की यह प्रेरणादायक सफलता जिले के अन्य किसानों के लिए एक मिसाल बन गई है। विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण और आधुनिक कृषि के क्षेत्र में उनके योगदान को आदर्श उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।

# सासंद डॉ. नामदेव किरसान के जन्मदिवस पर स्पर्धा परीक्षा की किताब वितरण कार्यक्रम का आयोजन..

**जगप्रेरणा आमगांव।**

***गडचिरोली-चिमूर लोकसभा क्षेत्र के उच्च विद्या विभुषित लोकप्रिय सासंद डॉ. नामदेवजी किरसन साहेब के जन्मदिन के मौके पर, 14 जुलाई 2026 को स्पर्धा परीक्षा देने वाले छात्रो को मुफ्त स्पर्धा परीक्षा***

की किताबें बांटने का कार्यक्रम रखा गया है स्पर्धा परीक्षा की किताबे पुणे से आनेवाली है। लेकिन पुणे मे चल रही भारी बारिश की वजह से स्पर्धा परीक्षा की किताबें, जो इस कार्यक्रम का मेन हिस्सा हैं, समय पर पुणे नहीं पहुंच पाई। इसलिए, यह कार्यक्रम रविवार, 19 जुलाई 2026 को सुबह 11.00 बजे सुमानंद हॉल, आरमोरी रोड, गढ़चिरोली में रखा गया है स्पर्धा परीक्षा की किताबों के लिए रजिस्टर्ड सभी युवाओं, छात्र छात्रा साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ता और कार्यालय के सभी कर्मचारी से निवेदन है कि वे तय समय पर मौजूद रहें ऐसा आव्हान सांसद डॉ.नामदेव किरसान जन्मदिवस समन्वयक एड.दुष्यंत किरसान ने की है।




# जिला परिषद वरिष्ठ प्राथमिक आदर्श विद्यालय बोडलबोडी में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन..

### रतीराम नाईक निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए..



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***तालुका सालेकसा की पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाले जिला परिषद वरिष्ठ प्राथमिक आदर्श***

विद्यालय, बोडलबोडी में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। अभिभावकों, शिक्षकों, ग्रामीणों तथा शिक्षा प्रेमियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में समिति के गठन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

बैठक में रतीराम नाईक को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा लीलाधर पाथोडे को उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया। उनकी निर्विरोध नियुक्ति पर उपस्थित सभी लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के समग्र विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, वृक्षारोपण, विभिन्न शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों तथा अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। नवगठित समिति विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगी, ऐसा विश्वास व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्याध्यापक, शिक्षकगण, अभिभावक प्रतिनिधि, ग्रामवासी तथा विभिन्न गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया गया।

# शिरपुर बांध में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा..

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजय अवधाने ने दिए गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित कार्य के निर्देश..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***विशेष गहन पुनरीक्षण*** (Special Intensive Revision - SIR) ***अभियान के तहत शनिवार को देवरी तहसील के शिरपुर बांध क्षेत्र में उपजिला निर्वाचन अधिकारी***

विजय अवधाने ने बीएलओ सहायकों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मौके पर पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कार्य को तेज गति और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चिचगढ़ के अपर तहसीलदार नवनाथ कातकड़े तथा देवरी के तहसीलदार धनंजय देशमुख भी उपस्थित रहे। विजय अवधाने ने बीएलओ सहायकों से सीधे संवाद कर उनके कार्यों में आ रही कठिनाइयों की जानकारी ली तथा उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर यह विशेष रूप से देखा गया कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के बीएलओ सहायक भी पूरे उत्साह के साथ स्ढ्ढक्र अभियान में भाग ले रहे हैं। चूंकि ये सहायक स्थानीय गांवों के निवासी हैं, इसलिए उनका मतदाताओं से सीधा और सहज संपर्क है, जिससे कार्य प्रभावी ढंग से संपन्न हो रहा है। अधिकारियों ने कहा कि इससे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को गति मिल रही है और कार्य अधिक सुचारु रूप से आगे बढ़ रहा है।




## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### घर के सामने से जेसीबी चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/7/2026 से दिनांक 10/7/2026 के दरम्यान बरबसपुरा मे फर्यादी लतिफ मोतीराम पटले उम्र 37 वर्ष निवासी बरबसपुरा ने अपने घर के सामने जेसीबी रखी थी। घटना तारीख के दरम्यान अज्ञात चोर ने जेसीबी क्रमांक एम एच 35 बी सी 1140 किमत 300000 रुपये की चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गंगाझरी मे अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध क्रमांक 329/2026 धारा 303, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच परी पोऊपनी धाराव पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

### जलाराम लॉन से अज्ञात चोर ने उड़ाई बाईक मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/7/2026 के रात 9 बजे के दरम्यान फर्यादी मनिष बाबुलाल भंडारकर कार्यक्रम मे अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 ए एल 3826 किमत 9 हजार गाडी से गये थे। घटना समय के दरम्यान अज्ञात चोर ने फर्यादी की मोटरसायकल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 402/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा कटरे 582 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### खेत मे लगे सौर उर्जा से कन्टोलर चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के केशोरी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/7/2026 के रात परसटोला मे फर्यादी श्रीमती निशा ज्ञानेश्वर लोदी उम्र 35 वर्ष निवासी परसटोला ने अपने खेत और पडोस के खेतवालो ने कुसुम सौरउर्जा अंतर्गत पंप लगाये थे। घटना की रात अज्ञात चोर ने सौरउर्जा के व्हि एफ कन्टोलर 3 नग किमत 27 हजार का माल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे केशोरी मे अपराध क्रमांक 114/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा प्रेमदास होळी 2121 पोस्टे केशोरी कर रहे है।

### मोटरसायकल को कट मारने की बात पर कडे से की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के केशोरी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/7/2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान फर्यादी प्रशांत मदनलाल मिश्रा उम्र 36 वर्ष निवासी वसंतनगर अपनी मोटर सायकल से घर जा रहे थे। आरोपी ने अपनी मोटर सायकल से कट मारा फर्यादी ने कहा धीरे चला इतनी तेज क्यो चला रहा है, इस बात पर आरोपी ने कहा तु मुझे बोलने वाला कौन होता है बोलकर कडे से सरपर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे केशोरी मे अपराध क्रमांक 419/2026 धारा 118,1, 352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा ओमेश्वर मेश्राम 558 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

# सोशल मीडिया पर SIR को लेकर फर्जी संदेश वायरल..

### निर्वाचन आयोग ने किया खंडन..

### 'मतदाता अफवाहों पर बिल्कुल विश्वास न करें'..




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***सोशल मीडिया, विशेष रूप से व्हाट्सएप पर*** **@ecisveep** ***और*** **@ceo_ maharashtra** ***के नाम से फर्जी संदेश और मोबाइल नंबर वायरल किए जा रहे हैं।***

इन संदेशों में दावा किया जा रहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण **(SIR-2026)** के दौरान मतदाताओं के दस्तावेजों में विसंगतियां पाई गई हैं और यदि दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क नहीं किया गया तो मतदाता पहचान पत्र **(Voter ID)** हटा दिया जाएगा।

हालांकि, निर्वाचन आयोग ने इस दावे को पूरी तरह भ्रामक और निराधार बताया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के संदेश पूरी तरह फर्जी हैं और उनका निर्वाचन आयोग या चुनाव विभाग से कोई संबंध नहीं है। नागरिक ऐसे संदेशों पर बिल्कुल भी विश्वास न करें निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी, सत्यापन या अन्य कार्रवाई केवल अधिकृत माध्यमों से ही की जाती है। किसी भी अज्ञात मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की आवश्यकता नहीं है और ऐसे संदेशों का जवाब देने से बचना चाहिए। यदि किसी मतदाता को कोई शंका या जानकारी चाहिए तो वह सीधे निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट अथवा संबंधित निर्वाचन कार्यालय से संपर्क करें। गोंदिया जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही अफ्वाहों से सतर्क रहें और केवल आधिकारिक स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोंस की जांच ■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने वाले जिले के पहले 04 बीएलओ का जिलाधिकारी मंदार पत्की ने किया सम्मान..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

भारत निर्वाचन आयोग के 14 मई 2026 के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन - एसआईआर) कार्यक्रम का आयोजन 20 जून से 7 अक्टूबर 2026 तक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 29 जून 2026 से गणना प्रपत्र वितरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य शुरू किया गया है। गोंदिया जिले में कुल 11,23,805 मतदाता हैं। सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराकर निर्धारित समय सीमा के भीतर उनकी जानकारी का डिजिटाइजेशन करना अनिवार्य है।

10, 11 और 12 जुलाई 2026 को जिले के सभी उपविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, पंचायत समिति तथा नगर परिषद एवं नगर पंचायत कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित किए गए। 13 जुलाई 2026 तक जिले के कुल 3,51,829 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है, जो कुल मतदाताओं का 31.31 प्रतिशत है।

## इनका किया गया सम्मान..

इस अवसर पर जिन चार बीएलओ ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य सबसे पहले पूरा किया, उन्हें जिलाधिकारी मंदार पत्की ने सम्मानित किया। सम्मानित बीएलओ में 1. श्री श्रीकांत तागड़े - शिक्षक, बीएलओ भाग क्रमांक 265, कोटजांभोरा, तहसील देवरी, विधानसभा क्षेत्र 66 आमगांव। 2. श्री राहुल काकड़े ग्राम राजस्व अधिकारी, बीएलओ भाग क्रमांक 292, धवलखेड़ी, तहसील देवरी, विधानसभा क्षेत्र 66 आमगांव। 3. श्री पंकजकुमार असाटी जिला परिषद प्राथमिक शिक्षक, बीएलओ भाग क्रमांक 208, भजेपार, तहसील तिरोड़ा, विधानसभा क्षेत्र 64 तिरोड़ा एवं 4. श्री कैलास पाटील ग्राम पंचायत अधिकारी, बीएलओ भाग क्रमांक 124, गुमाधावड़ा, तहसील तिरोड़ा, विधानसभा क्षेत्र 64 तिरोड़ा को सम्मानित किया गया।

## बोले मंदार पत्की..

जिलाधिकारी मंदार पत्की ने कहा कि अभी भी कुछ बीएलओ का डिजिटाइजेशन कार्य अपेक्षाकृत धीमा है। यदि उनके कार्य में शीघ्र प्रगति दिखाई नहीं देती है, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित किसी प्रकार की समस्या या जानकारी की आवश्यकता हो तो जिला स्तरीय 24म7 हेल्पलाइन 07182-236148 अथवा 1950 पर संपर्क करें। जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अनुरोध किया कि वे अपने गणना प्रपत्र में सभी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से भरकर शीघ्र अपने संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि एसआईआर अभियान में राजनीतिक दलों के मतदान केंद्र स्तरीय प्रतिनिधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

इसी उद्देश्य से जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों की बैठक 16 जुलाई 2026 को प्रातः 10:30 बजे जिलाधिकारी कार्यालय, गोंदिया में आयोजित की जाएगी। बैठक में एसआईआर अभियान की प्रगति की जानकारी दी जाएगी तथा राजनीतिक दलों एवं नागरिकों की विभिन्न शंकाओं का समाधान किया जाएगा।

## एसआईआर स्थिति रिपोर्ट (13 जुलाई 2026, शाम 4:00 बजे तक)

गोंदिया जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान तेज गति से जारी है। जिले के सभी 1,285 बीएलओ प्रशिक्षित हैं तथा लगभग 11.23 लाख मतदाताओं के लिए गणना प्रपत्र वितरण का कार्य बड़े पैमाने पर पूरा किया जा चुका है। अब तक 96.03 प्रतिशत प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इनमें से 32.38 प्रतिशत प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन तथा 32.36 प्रतिशत प्रपत्रों का बीएलओ द्वारा सत्यापन किया जा चुका है। सेल्फमैपिंग 15.94 प्रतिशत तथा प्रोजेनी मैपिंग 16.12 प्रतिशत दर्ज की गई है। जिले में अनियमितताओं का प्रतिशत 2.66 प्रतिशत पाया गया है।

तालुका स्तर पर आमगांव और अर्जुनी मोरगांव में कार्य की गति बेहतर रही है, जबकि अन्य क्षेत्रों में भी प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। जिले में एसआईआर अभियान संतोषजनक गति से संचालित हो रहा है और आगामी चरण में डिजिटाइजेशन एवं सत्यापन कार्य पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# नगर परिषद स्थाई समिति की बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत विषयों को विरोधी पक्ष ने नकारा..

### नगराध्यक्ष सचिन शेंडे ने उचित मांगो को नकारे जाने के लगाए आरोप, बताई अपनी व्यथा..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया नगर परिषद में भले ही नगर विकास के लिये दलगत राजनीति से हटकर आवश्यक विकास में सहयोग करने की अपील एवं दलील राजनीतिक दलों द्वारा दी जाती है, लेकिन इसके विपरित जब वास्तव में प्रस्तावों के अनुमोदन की आवश्यकता होती है, तब आवश्यक एवं नियोजित विषयों की भी उपेक्षा राजनीतिक कारणों से की जा रही है, जिसके कारण गोंदिया नगर***

परिषद में एक बार फिर परिस्थितियां प्रतिकुल नजर आ रही है, तथा ऐसे ही कारणों से दुखी होकर आज नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने भाजपा एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस के पार्षदों एवं सभापति पर विषयों को नकारे जाने के आरोप लगाए हैं।

## बोले सचिन शेंडे..

जगप्रेरणा को जानकारी देते हुए सचिन शेंडे ने बताया कि आज गोंदिया नगर परिषद की स्थाई समिति की बैठक हुई, जिसमें 11 विषयों पर चर्चा हुई। इस बैठक में प्रमुखता से तीन विषयों को बहुमत से गिरा दिया गया। श्री शेंडे ने बताया कि सबसे बड़े दुख का विषय है कि गोंदिया शहर में चुनाव के बाद जितने भी महापुरुषों के पुतले थे, उनके सौंदर्यीकरण, उनकी दुरुस्ती का एक महत्वपूर्ण विषय हमारे द्वारा रखा गया था, जिसकी कार्योत्तर मंजूरी हमने दे दी थी, जो आज मंजूरी के लिए स्थाई समिति के पास आया। इसकी मंजूरी के लिए आने के बाद, सर्वप्रथम बांधकाम विभाग के सभापति प्रदीप पिंटू माने, इन्होंने इसका पुरजोर विरोध किया। श्री शेंडे ने कहा कि 10 सदस्य हैं इसमें, जिसमें माननीय उपाध्यक्ष संतोष पटले, पानी पुरवठा के सभापति कैलाश यादव, शिक्षण विभाग के सभापति अनुज जायसवाल, नियोजन व विकास के सभापति श्रीमती निर्मला मिश्रा, स्थाई समिति के सदस्य श्रीमती नीती राय और महिला बाल कल्याण की सभापति सोनपुरे मैडम, और सुनील भालेराव। इतने सदस्य हम इस समिति में हैं।, जिसमें से सुनील भाऊ भालेराव और मैंने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, बाकी सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया।

सचिन शेंडे ने आगे कहा कि विषय पर नकारते हुए सभापति सदस्यों ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण एवं दुरुस्त करने की क्या आवश्यकता है और यह हमारी जानकारी में नहीं है। ऐसा बता करके उन्होंने इसका विरोध किया। इसी प्रकार हमने उनको यह भी बताया कि शहर के प्रांगण में स्व. मनोहर भाई पटेल का पुतला है। उनकी वहां सीढ़ियों पर चढ़ने की और आजू-बाजू के सौंदर्यीकरण की काफी आवश्यकता है। परम पूज्य डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर इनके भी पुतले का सौंदर्यीकरण, परम पूज्य आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज, की प्रतिमा जो सूर्याटोला में है, उसका भी सौंदर्यीकरण करने का काम हमने किया है और महात्मा गांधी जी के पुतले का भी सौंदर्यीकरण करने का हमने काम किया, तो भी, इतना सब कुछ विषय पर चर्चा होने के बाद भी इन्होंने इस विषय को बहुमत से गिराया। यह गोंदिया शहर के लिए काफी दुख का विषय है।

सचिन शेंडे ने आगे कहा कि इसी प्रकार दूसरा विषय जिसमें शहर का जो पुराना फ्लाईओवर है, जिसे गिरा करके नया फ्लाईओवर तैयार करने का काम शुरू है। इसके लिए आमदार विनोद जी अग्रवाल ने पत्र द्वारा मुख्य अधिकारी और मुझे सूचित किया कि स्व. लोधुराम अग्रवाल के नाम से यह पुलिया जो पहले जाना जाता थ, यह प्रस्ताव हमारे द्वारा रखा गया, लेकिन हास्यास्पद यह विषय है कि प्रस्ताव विधायक साहब के तरफ से आने के बावजूद भी, सम्मानीय स्थाई समिति के सदस्यों ने इसका पुरजोर विरोध करके इस प्रस्ताव को भी गिराया। हमने बताया भी कि इसमें विधायक साहब का पत्र लगा हुआ है, तो भी यह प्रस्ताव सदस्यों ने गिरा दिया।

इसी प्रकार तीसरा विषय जिसमें हमने प्रस्ताव रखा कि गोंदिया शहर में हमारे पास एक श्मशान भूमि है, उस श्मशान भूमि में गरीब परिवारों की मदद के लिये कुछ सेवाभावी संस्थाओं द्वारा दिये गए प्रस्ताव को हमने रखा जिसमें बाजार रेट से कम में लकड़ियां देने की बात कही गई, मगर उन्हें यह प्रस्ताव भी पसंद नहीं आया, और यह प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हो पाए।

सचिन शेंडे ने क्षेत्र के सभी दलों के वरिष्ठ नेताओं से अपील की कि जनहित के विषयों को सभी दल दलगत राजनीति से हटकर मंजूरी दें और नगर विकास की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने में अहम योगदान दें, मैं सबसे यही अपील करता हूं।

# चंदा चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाकर और मंदिरों की परिक्रमा कर गोंदिया में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन..

### अयोध्या राम मंदिर मे चोरी की जांच एवं कार्यवाही को लेकर की पुलिस थाने मे रिपार्ट दर्ज





जगप्रेरणा गोंदिया।

***अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से लाखों करोड़ों रुपये की चंदे में की गई चोरी को लेकर पुरे देश भर में कांग्रेस भाजपा, विहिप, बजरंग दल पर हमलावर है, तथा कांग्रेस ने आज गोंदिया जिला मुख्यालय में भी रघुपति राघव राजा राम सत्याग्रह रैली निकालकर***

ढोल मंजीरे के साथ भजन कीर्तन करते हुए प्रदर्शन किया, और विभिन्न मंदिरों की परिक्रमा करते हुए पुलिस थाने पहुंचकर अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की। गोंदिया शहर में आज जिला कांग्रेस के 'शहीद भोला भवन' से रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। प्रमुख रुप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर वराड़े, पूर्व विधायक दिलीप बंसोड़, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी, विशाल गोपालदास अग्रवाल, संपत सोनी, वरिष्ठ नेता राधेलाल पटले, लक्ष्मीनारायण दुबे, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष उषाताई मेंढे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष वंदना काळे, ओबीसी नेता जितेन्द्र कटरे, पार्षद सुनिल तिवारी संहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल थे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराड़े ने कहा कि भगवान राम के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा ने राम मंदिर के चंदे से ही संगठन को खड़ा किया है, और राम के नाम पर लूट की जा रही है। अयोध्या राम मंदिर में लोगों के करोड़ों रुपये के चंदे को ट्रस्ट के अध्यक्ष संहित सदस्यों ने लूटने का काम किया है, लेकिन वास्तव में इस चंदे की चोरी में भाजपा के भी अनेक नेता शामिल है, जिन्हें बचाने का काम किया है, हमारी मांग है कि राम मंदिर ट्रस्ट को भंग कर संपूर्ण पारदर्शी व्यवस्थाएं इस मंदिर में लागु की जाए।

## सांसद राजेन्द्र जैन एवं विधायक विनोद अग्रवाल की उपस्थिति में

# महायुति की गोंदिया न.प. समन्वय बैठक संपन्न

### शहर के विकास कार्यो को गति देने पर दिया गया जोर..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर में महायुति की नगर परिषद समन्वय बैठक सांसद श्री राजेंद्र जैन व विधायक श्री विनोद अग्रवाल के प्रमुख उपस्थिती में संपन्न हुई बैठक में शहर के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।***

बैठक में गोंदिया शहर के विविध विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ हि शहर की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार, नगर नियोजन (टाउन प्लानिंग) को व्यवस्थित करने तथा शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय के साथ कार्य करने पर सांसद श्री राजेंद्र जैन ने निर्देश दिये। इस समन्वय बैठक में प्रमुख रूप से विधायक श्री विनोद अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने गोंदिया शहर के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने तथा जनहित के सभी कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने का आह्वान किया। बैठक में प्रमुख रुप से भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पार्षदगण में नगर परिषद उपाध्यक्ष संतोष पटले, अनुज जायसवाल, प्रदीप माने, अजय यादव, अभय अग्रवाल, विवेक मिश्रा, लोकेश (कल्लु) यादव, निर्मला मिश्रा संहित सभी पार्षदगण प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

गोंदिया में.. दैनिक
जग प्रेरणा
में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
आशीष वर्मा (प्र.सं.)
09329033433
संजीव बापट (शहर प्रतिनिधि)
09922607145
कार्यालय - सांई रोजगार, एनएमडी कॉलेज के पास, गोंदिया

# डायनामिक कराते अकादमी में कराते बेल्ट ग्रेडेशन परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न



**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिला कराते एसोसिएशन के मार्गदर्शन में जिला क्रीड़ा संकुल, गोंदिया स्थित डायनामिक कराते अकादमी में रविवार, 12 जुलाई 2026 को कराते बेल्ट ग्रेडेशन परीक्षा सफ्लतापूर्वक आयोजित की गई। अकादमी का संचालन सेंसई रविना डी. सिंह बरेले द्वारा किया जाता है। इस परीक्षा का मूल्यांकन जिला कराते अध्यक्ष सिहान विशाल सिंह ठाकुर, जिला सचिव सिहान तेजसिंह आलोट, सेंसई रविना बरेले तथा सेम्पई रिया राव द्वारा किया गया। परीक्षा के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता, कराते की मूलभूत तकनीकें (बेसिक्स), कुमिते (फाइटिंग तकनीक) तथा काता (कराते की पारंपरिक विधाएं) का परीक्षण किया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खिलाड़ियों ने नई बेल्ट श्रेणियां प्राप्त कीं। इनमें भावना दामाहे ने ब्लैक बेल्ट, चिन्मय पटनायक, निहिर बघेले एवं वेदिका चांदेवार ने ब्राउन बेल्ट प्राप्त की। वहीं लावन्या उकरे, कृपा पवार, श्रेया भोयर, अवनि गुप्ता, उर्वी चांदेवार, सानवी वाकोदिकार, तेजस काढ़े एवं वानी बघेले ने ब्लू एवं ग्रीन बेल्ट श्रेणियों में सफ्लता हासिल की। ऑरेंज बेल्ट प्राप्त करने वालों में आर्या चौरे, अवनीश वाकोदिकार, अवनि बघेले, शौर्य मेश्राम, फैंसी कोहले एवं प्रणय तिघारे शामिल रहे। येलो बेल्ट श्रेणी में अद्विक चौहान, अर्नव गुप्ता, नेहाश ठाकुर , रूहाश रामटेके, आयुष रहांगडाले, दृष्टि रहांगडाले, विदित मानकर, अश्मि चौरे एवं चहक बॉम्बर्डे ने सफ्लता प्राप्त की। सभी खिलाड़ियों ने विभिन्न तकनीकी एवं शारीरिक परीक्षणों में अपनी दक्षता सिद्ध करते हुए बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण की। परीक्षा के समापन पर सभी सफ्ल खिलाड़ियों को बेल्ट एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पालकगण लगभग तीन घंटे तक उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। अंत में सेंसई रविना बरेले ने सभी पालकों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com